cmyk




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21 | 5 टी20 विश्व कप में टीम इंडिया सही रास्ते पर | सम्पादकीय जब शब्द चुप हो जाते हैं, | एआई मिशन का फोकस हाइप नहीं बल्कि असर और 5

वर्ष 12 अंक 351 E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# हमने मैक्रों के साथ मिलकर भारत-फ्रांस रिश्तों को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है : पीएम मोदी

### पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने की मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस

आर.एन.एस

नई दिल्ली। पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे मैक्रों का मुंबई में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। हमने मैक्रों के साथ मिलकर भारत-फ्रांस रिश्तों को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है।

मोदी ने कहा कि आज एच-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली का उद्घाटन इसी कोशिश का हिस्सा है। माउंट एवरेस्ट तक उड़ने वाला एकमात्र



हेलिकॉप्टर का निर्माण भारत में होगा पीएम मोदी ने कहा-

भारत-फ्रांस की पार्टनरशिप सिर्फ स्ट्रैटेजिक नहीं, बल्कि स्टैबिलिटी और ग्लोबल प्रोग्रेसिव पार्टनरसिप है। 2026 में भारत और यूरोप के संबंधों में एक टर्निंग प्वाइंट है। कुछ दिन पहले हमने यूरोपीय यूनियन के साथ इतिहास का सबसे बड़ा ट्रेड डील की थी। यह डील फ्रांस के साथ रिश्तों को भी आगे बढाएगी।इससे पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने आज मुंबई में मनोज बाजपेयी, अनिल कपूर, शबाना आजमी और ऋचा चढ्ढा समेत कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से मुलाकात की।

**राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों**

राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में त्र20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे।

भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल उन्होंने (मैक्रों) मुझे फ्रांस में ढ्ढ समिट के लिए बुलाया था। तब हमने मार्शले की यात्रा की थी। मार्शले फ्रांस और यूरोप का प्रमुख गेटवे है। ये वही शहर है जहां पहले विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अपने कदम रखे। भारतीय सैनिकों की गाथा आज भी याद की जाती है। ये वही शहर है जहां वीर सावरकर ने अंग्रेजों की पकड़ से निकलने के लिए समुद्र में छलांग लगाई थी।

# पंजाब सीएम को जहरीला केमिकल पोलोनियम देने का दावा

आर.एन.एस

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। दैनिक भास्कर को ज्ञानज्योति स्कूल की डायरेक्टर अनीत बेदी ने धमकी की



कॉपी उपलब्ध कराई है। मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

आर.एन.एस

नई दिल्ली। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40% कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। 'करप्शन रेट कार्ड' वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई



समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40% कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया।

मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 1 जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी।



# तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बने

### संसद भवन में शपथ ली, 25 कैबिनेट और 24 राज्य मंत्री सरकार में शामिल होंगे

आर.एन.एस

ढाका। बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई।

रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। राज्य मंत्रियों में से 24 नए हैं। प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी पहली बार मंत्रिमंडल के सदस्य बन रहे हैं।

इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62% लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते।

जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घटती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

# 5 देशों के 14 पूर्व-कप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी, इमरान खान के इलाज की मांग

आर.एन.एस

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं.

इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले



हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी। इमरान खान 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के कप्तान थे।

इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म

क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक कम हो गई।

# अगले दो वर्षों में भारत के एआई सेक्टर में 200 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश की उम्मीदः अश्विनी वैष्णव

आर.एन.एस

नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि भारत को अगले दो वर्षों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश की उम्मीद है, जो देश के एआई और डीप टेक इकोसिस्टम में मजबूत वैश्विक रुचि को दर्शाता है।वैष्णव ने राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित शिखर सम्मेलन के दौरान एएनआई को बताया, 'रुचि दो प्रकार की होती है। पहला प्रकार निवेश है। अगले दो वर्षों में 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की उम्मीद है। दूसरा प्रकार वेंचर कैपिटल द्वारा डीप टेक फंडिंग है। और तीसरा प्रकार भारत



की नवोन्मेषी क्षमता और भारत का डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है। ' प्रौद्योगिकी ढांचे की भूमिका पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के कारण, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बहुत अच्छा प्रौद्योगिकी ढांचा मौजूद है। इस ढांचे की बदौलत भारत में एआई का प्रसार तेज हो सकता है। यही बात सभी मानते हैं। ' मंत्री ने कहा कि वैश्विक सीईओ भारत में निवेश करने में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, विशेष रूप से डीप टेक स्टार्टअप और बुनियादी ढांचे में।

# ईरान से होने वाली परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत में शामिल रहूंगा : ट्रम्प

आर.एन.एस

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही।

यह बयान ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर दूसरे दौर की बातचीत से पहले आया है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत आज (17 फरवरी 2026) जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में हो रही है। इससे पहले ओमान में 6 फरवरी को पहली बैठक हुई थी।

ट्रम्प ने कहा, 'मैं उन बातचीत पर नजर रहूंगा।' उन्होंने संकेत दिया कि ईरान इस बार समझौते को लेकर गंभीर है। डील की संभावना पर ट्रम्प ने कहा



कि ईरान इसे लेकर सख्त रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले साल अमेरिका की ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी से उसे अक्ल आई।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम भुगतना चाहेंगे।'

**ईरान-अमेरिका के बीच किन मुद्दों पर बातचीत होगी**

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का सबसे बड़ा और मुख्य विवाद ईरान का यूरेनियम संवर्धन है। ट्रम्प प्रशासन की मांग है कि ईरान अपनी जमीन पर यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे या बहुत सीमित स्तर तक ही रखे, क्योंकि वे इसे परमाणु हथियार बनाने का रास्ता मानते हैं।

# जम्मू-जुवेनाइल सेंटर से 2 पाकिस्तानी समेत 3 नाबालिग फरार, पुलिसकर्मियों पर फायर किया

आर.एन.एस

नई दिल्ली। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से सोमवार शाम 2 पाकिस्तानी नागरिक समेत 3 नाबालिग फरार हुए। इस मामले में आज 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। मामले की जांच जारी है।

नाबालिगों के सेंटर से फरार होने की घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी। 22 सेकेंड के वीडियों में नजर आ रहा है कि शाम करीब 5.15 बजे दो नाबालिग झगड़ा कर रहे हैं।

सेंटर के दो कर्मचारी पास ही खड़े उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। तभी कैप पहना हुआ नाबालिग पीछे से आता है और कर्मचारी के सिर पर फायर कर देता है। फायर होते ही दोनों कर्मचारी पीछे हटते हैं।

इसमें नाबालिग फिर से गन लोड करता है और दूसरा फायर करने की कोशिश करता है, लेकिन फायर नहीं होता। कैप पहना लड़का और सफेद जैकेट पहना लड़का कर्मचारियों पर हमला कर देते हैं।



इसके बाद तीन नाबालिग सेंटर से भाग निकलते हैं। वहीं, जुवेनाइल सेंटर से फरार नाबालिग में एक की मां भी लापता हैं। पुलिस के मुताबिक महिला की भी तलाश की जा रही है।

फायरिंग में 2 पुलिसकर्मी घायल

नाबालिग की फायरिंग में स्ढ्ढ विनय कुमार और हेड कांस्टेबल पर्वीन कुमार को घायल हुए हैं। उनका इलाज जारी है। नाबालिग के पास पिस्टल कैसे पहुंची, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। टीम की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी जारी है।

जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। नागरिकों से जानकारी देने का अनुरोध किया है।



# अजित पवार प्लेन क्रैश की जांच में एएआईबी जुटी

आर.एन.एस

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के प्लेन क्रैश की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को सौंपी गई है। मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी।मंत्रालय ने कहा- 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती में लियरजेट - 45 विमान क्रैश की जांच एएआईबी कर रहा है। जो दुर्घटना और घटना जांच नियम, 2017 और ICAO Anne&-13 के इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के तहत की जा रही है।

डीजीसीए ने बताया प्लेन में दो फ्लाइट रिकॉर्डर लगे थे, जो हादसे के दौरान लंबे समय तक आग और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहे। डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से सफलतापूर्वक डेटा डाउनलोड कर लिया गया है। 2 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने आरोप लगाया था कि उनके चाचा की मौत में साजिश हुई है। मामले की एक्सपर्ट एजेंसियां जांच करें।

मंत्रालय ने कहा कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर की तकनीकी जांच अभी जारी है। डेटा निकालने में मदद के लिए उस देश के विशेषज्ञों की भी सहायता ली जा रही है, जहां यह उपकरण बनाया गया था।

वहीं, ढ्ढक्क ने कहा कि जांच पूरी तरह तकनीकी और प्रक्रियागत नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि निष्पक्ष और सबूत आधारित निष्कर्ष निकाला जा सके।

ब्यूरो ने अपील की है कि जांच पूरी होने तक सभी लोग अटकलों से बचे रहें। जांच की डिटेल जल्द ही शेयर की जाएगी।

# असम विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में हो सकता है

### अप्रैल के पहले हफ्ते में वोटिंग संभव

आर.एन.एस

नई दिल्ली। असम में अगले महीने के पहले हफ्ते यानी 4-8 मार्च के बीच विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। अप्रैल के पहले हफ्ते में वोटिंग हो सकती है। सभी 126 सीटों के लिए एक या अधिकतम दो फेज में वोटिंग होने की संभावना है।मंगलवार को भाजपा, कांग्रेस सहित राज्य की छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक में इसकी मांग रखी है।

पार्टियों ने चुनाव की तारीख बिहू त्योहार के आसपास रखने की अपील की है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वोटिंग कर सके।

असम की 126 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 20 मई को समाप्त हो रहा है। राज्य में 10 साल



से सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। पार्टी तीसरी बार जीत का दावा कर रही है।

भाजपा ने इस बार 126 में से 100+ सीटें जीतने का टारगेट रखा है। पीएम मोदी 6 महीने में 4 बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने 10 पार्टियों के साथ गठबंधन किया है। इसमें वामपंथी और क्षेत्रीय दल शामिल हैं।

**असम में तीन दिन के दौर पर है चुनाव आयोग**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अगुवाई में चुनाव आयोग की टीम तीन दिवसीय असम दौरे पर है। उनके साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी गए हैं। आज राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक में तीनों चुनाव आयुक्त के साथ असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल भी शामिल रहे।

राष्ट्रीय दलों में आम आदमी पार्टी, भाजपा, सीपीएम और कांग्रेस ने आयोग से मुलाकात की।

# जेईई मेन 2026 सत्र-1 में एलन जयपुर का प्रदर्शन, सिटी टॉपर सहित 9 विद्यार्थी टॉप-10 में





**संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2026 के सत्र-1 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, जयपुर के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। संस्थान के अनुसार जयपुर सिटी टॉपर और राष्ट्रीय स्तर पर जेईएन-ईडबलूएस श्रेणी के टॉपर एलन जयपुर से हैं। इसके अलावा जयपुर के शीर्ष 10 अभ्यर्थियों में से 9 विद्यार्थी इसी संस्थान से जुड़े हैं।**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जारी परिणामों के अनुसार 6 विद्यार्थियों ने 99.99 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 23 विद्यार्थियों ने 99.90 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। संस्थान ने इसे शैक्षणिक सत्र-1 में अपनी प्रमुख उपलब्धि बताया है।

जयपुर सिटी टॉपर श्रेष्ट जसोरिया ने 99.9992442 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। प्रखर शर्मा ने 99.9992111 पर्सेंटाइल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

लक्षित सिंसिनवार ने 99.9977325 पर्सेंटाइल अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। भाव्या गर्ग ने 99.9976559 पर्सेंटाइल के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। दक्ष सेहरा ने 99.993862 पर्सेंटाइल के साथ पांचवां, कोविद सिंघल ने 99.9932577 पर्सेंटाइल के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। रुचित अग्रवाल ने 99.9886624 पर्सेंटाइल अर्जित कर सातवां स्थान हासिल किया। चयनिका मंडल ने 99.9823532 पर्सेंटाइल के साथ आठवां तथा मोहित मालीवाल ने 99.9797732 पर्सेंटाइल प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त किया।

संस्थान के जयपुर सेंटर हेड एवं राजस्थान जोनल हेड अरुण जैन ने बताया कि जेईई मेन 2026 सत्र-1 में विद्यार्थियों का प्रदर्शन निरंतर तैयारी, नियमित मूल्यांकन और शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि सिटी टॉपर और राष्ट्रीय जेईएन-डबलूएस टॉपर का संस्थान से होना इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है।जेईई मेन देश की प्रमुख इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईआईटी) और अन्य केंद्रीय व राज्य स्तरीय तकनीकी संस्थानों में प्रवेश दिया जाता है। सत्र-1 के परिणाम के बाद अब अभ्यर्थी अगले चरण की तैयारी में जुटेंगे।



# मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर से भारत विस्तार का किया शुभारंभ

**कार्यक्रम में किसानों ने 155261 नम्बर डायल कर भारत विस्तार के माध्यम से किया संवाद**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर में भारत विस्तार योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने किसान केंद्रित एआई हैकथन, एग्री कोष एआई स्ट्रेटजी रोडमैप का भी अनावरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से कृषि में डिजिटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। केंद्र सरकार का लक्ष्य किसान की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाना है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित भारत विस्तार योजना को शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को तकनीक की मदद से कृषि संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान करना है, जिससे किसान अपने स्मार्टफोन अथवा साधारण मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर अपनी समस्याओं के समाधान के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकता है।केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि का विविधीकरण, प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, किसानों को खेती के साथ पशुपालन एवं कृषि वानिकी के लिए प्रोत्साहन सहित अनेक ऐसे निर्णय लिए गए हैं जिससे देश का अन्नदाता लाभान्वित हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए किसान हित सर्वोपरि है तथा उनका मानना है कि वे किसानों के हित पर किसी भी तरह की आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने पशुपालकों को आश्वस्त किया कि दूध, दही, घी, पनीर अथवा कोई भी डेयरी उत्पाद का आयात नहीं किया जाएगा। साथ ही, किसानों तथा गौ पशुपालकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत विस्तार योजना के अंतर्गत किसान 155261 नंबर पर डायल करके अपनी समस्या बताएगा और उसे तुरंत उसका समाधान मिलेगा। इसी नंबर से देशभर की विभिन्न मंडियों का बाजार भाव भी पता लगा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तार योजना में सवाल पूछने पर तत्काल जवाब प्राप्त करने की सुविधा है। योजना की शुरुआत हिंदी और अंग्रेजी भाषा से की गई है। जल्द ही इसमें 11 भाषाओं में किसान संवाद कर सकेंगे।केंदीय कृषि मंत्री ने कहा कि भारत विस्तार योजना में किसान आईडी अर्थात किसान पहचान पत्र भी बनाया जा रहा है, जिससे किसानों की सम्पूर्ण जानकारी उसमें उपलब्ध रहेगी। इस योजना में फिलहाल पीएम फसल बीमा योजना और सॉइल हेल्थ कार्ड समेत कुछ योजनाओं को शामिल किया गया है। भविष्य में इसमें किसानों से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होगी। पूरी कृषि व्यवस्था को भारत विस्तार योजना से जोड़ने की तैयारी है।

श्री चौहान ने कहा कि राजस्थान में कृषि क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए जा



# शोध कार्यों का विस्तार गांव-गांव तक होना चाहिए - शिवराज सिंह चौहान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविधालय जोबनेर अधीनस्थ इकाई राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान (रारी), दुर्गापुरा का आज दौरा कर वहां संचालित विभिन्न कृषि अनुसंधान गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गेहूं, जौ एवं चना की उन्नत किस्मों पर चल रहे शोध कार्यों तथा प्रायोगिक खेतों में हो रहे परीक्षणों का अवलोकन किया।इस दौरान वैज्ञानिकों ने केंद्रीय मंत्री को उच्च उत्पादन देने वाली, कम पानी में बेहतर पैदावार करने वाली तथा रोग-प्रतिरोधी किस्मों की विशेषताओं से अवगत कराया और नई कृषि तकनीकों, उन्नत बीज विकास कार्यक्रमों व वैज्ञानिक खेती पद्धतियों की जानकारी दी। श्री चौहान ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शोध कार्यों का विस्तार गांव-गांव तक होना चाहिए।राजस्थान में जौ की स्थिति पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में जौ उत्पादन की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान है, किंतु हाल के वर्षों में इसके रकबे में कमी आई है। इसे पुनः बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जौ की उन्नत किस्मों का उपयोग माल्ट उद्योग में हो रहा है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहे हैं। इस दिशा में और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।चना अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई किस्मों और उत्पादन वृद्धि की रणनीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन में वृद्धि देश की पोषण सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

गेहूं की उन्नत एवं रोग-प्रतिरोधी

# आकाश इंस्टिट्यूट राजस्थान ने जेईई मेन 2026 में रचा इतिहास

**60 विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन, यर्थव अग्रवाल बने टॉप स्कोरर 99.93 पर्सेंटाइल के साथ**



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल ) के राजस्थान क्षेत्र के 60 विद्यार्थियों ने जेईई मेन (सेशन 1) में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र में शैक्षणिक कार्यक्रम की निरंतर सफलता को साबित किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 16 फरवरी को घोषित परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टिट्यूट, राजस्थान क्षेत्र के 60 विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की। यर्थव अग्रवाल 99.93 पर्सेंटाइल के साथ टॉप स्कोरर बने। उनके बाद दिव्यांशु जैन ने 99.89 पर्सेंटाइल और लिशा अग्रवाल ने 99.87 पर्सेंटाइल हासिल किए। स्वास्तिक बिकास देब ने 99.86 पर्सेंटाइल प्राप्त किया, जबकि वेदिक दाधीच ने 99.82 पर्सेंटाइल हासिल किए।

कनिष्क शर्मा ने 99.81 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, वहीं उपलक्ष्य गोयल और प्रियंश भंडारी दोनों ने 99.79 पर्सेंटाइल हासिल किए। गर्गी पालीवाल ने 99.77 पर्सेंटाइल, प्रियंशु गुप्ता ने 99.75 पर्सेंटाइल और विभोर माहेश्वरी ने 99.74 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जो जेईई मेन 2026 में राजस्थान क्षेत्र की मजबूत शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर श्री अखिलेश दीक्षित ने कहा, 'राजस्थान के हमारे विद्यार्थियों के असाधारण परिणाम उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता और आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र का प्रमाण हैं। हमें उनके परिश्रम पर गर्व है और हम उन्हें उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। '



# अपेक्स यूनिवर्सिटी में यूएनआई-टीईएस 2026' का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** अपेक्स यूनिवर्सिटी में यूएनआई- टीईएस 2026' के अंतर्गत 'यूनिवर्सल थ्रेट्स इन एक्सपर्ट एप्लिकेशन एंड सॉल्यूशंस' विषय पर पाँचवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में डिजिटल युग की चुनौतियों, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तकनीक के नैतिक उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। देश-विदेश से आए शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया तथा लगभग 600 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

डॉ. दुर्गेश कुमार मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में ज्ञान साझा करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुसंधान में धैर्य, पुनः अध्ययन, पुनः लेखन और निरंतर चर्चा आवश्यक है। उन्होंने मौलिक कार्य को प्राथमिकता देने और साहित्यिक चोरी से बचने की सलाह दी। अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं में रोमन डैनियल ने नए शोध विचारों और भविष्य के सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि सुपावदी अरामविथ और विन्सेन्ज़ो प्यूरी ने अनुसंधान में नवाचार और वैश्विक नेटवर्किंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। चाकचाई सो-इन, मारेक स्ज़ज़ुटकोव्स्की और ज़डिस्लाव पोलकोव्स्की ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अंतःविषय सहयोग की आवश्यकता बताई। मार्कोस फेरासो, वासिलिस ग्रेओगियानिस, फ्रांसेस्का डि. वर्जिलियो और डैनियल डसिग जूनियर ने निरंतर अनुसंधान प्रयास, प्रेरणा और वैश्विक शैक्षणिक संवाद के महत्व पर बल दिया। आर.एस. सलारिया ने कहा कि तकनीक सही हाथों में लाभकारी है, परंतु गलत उपयोग में यह खतरा बन सकती है। डॉ. गीतम सिंह तोमर ने तकनीक के सतत और जिम्मेदार उपयोग पर जोर देते हुए एआई प्रशिक्षण में ऊर्जा खपत जैसे मुद्दों का उल्लेख किया। विनय कुमार चंद्रा ने एआई के वास्तविक जीवन में प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि एआई डेटा आधारित पूर्वानुमान कर सकता है, किंतु अंतिम निर्णय मानव नियंत्रण में होना चाहिए। कनाद रे ने सुपर-इंटेलिजेंट मशीनों के युग में मानवीय मूल्यों, नैतिकता और रचनात्मकता की अनिवार्यता को रेखांकित किया।

अपेक्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर



# घुमंतू बस्ती के लोगों ने पहली बार सिनेमाघर में देखी फिल्म

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** घुमंतू बस्ती के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने रविवार को पहली बार सिनेमाघर में फिल्म देखी। विद्याधर नगर स्थित एक सिनेमाघर में फिल्म 'बॉर्डर-2' का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन घुमंतू जाति उत्थान न्यास और बालाजी नवयुवक मंडल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य घुमंतू समुदाय के लोगों को मुख्यधारा की गतिविधियों से जोड़ना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना बताया गया।

कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि घुमंतू बस्ती के अधिकांश लोग पहली बार सिनेमाघर पहुंचे। उन्होंने कहा कि समुदाय के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए यह नया अनुभव रहा। आयोजन के तहत पूरे सिनेमाघर को पूर्व निर्धारित समय के लिए बुक कराया गया था, ताकि सभी दर्शक एक साथ फिल्म देख सकें।

घुमंतू जाति कार्य के महानगर

# कोटपूतली में 2 घंटे बिजली कटौती

कोटपूतली। कोटपूतली में दो घंटे की बिजली कटौती की जाएगी। यह कटौती 220 केवी जीएसएस कोटपूतली पर आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य के कारण होगी। बिजली सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता विजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 33 केवी बहरोड़ और पाटनचला फीडर की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके परिणामस्वरूप, 33 केवी जीएसएस किरतपुरा, शुक्लावास और पनियाला के सभी 11 केवी फीडरों से होने वाली बिजली सप्लाई भी दो घंटे के लिए बाधित रहेगी।

# चौरु में संत श्री चोकसराम मुनि महाराज के जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

**महिलाओं पुरुषों ने स्वागत सत्कार में बिछाए पलक पांवड़े**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**टोंक।** चौरू कस्बे में स्थित रामस्नेही संप्रदाय के रामद्वारे के संत श्री चौकस राम जी मुनि महाराज का सर्व समाज द्वारा गुरुवाणी के उदघोष के साथ के भव्य जुलूस निकाला गया। जुलुस में महिलाओं पुरुषों का जन सैलाब उमड़ा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जुलूस के दौरान हिंदु मुस्लिम एकता का संगम देखने को मिला।हर कोई महाराज की चरण वंदना कर आशीर्वाद लेने को आतुर था। जुलूस के दौरान घर घर के बाहर महाराज का पुष्प वर्षा और माल्यार्पण के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान लोगों द्वारा मिठाई भी बांटी गई। डीजे पर भजनों के साथ भक्तजन नाचते गाते हुए जुलूस का आनंद ले रहे थे। भक्ती रस की बयार के साथ जुलूस का लवाजमा रामद्वारे से शुरू होता हुआ क्यारज राम जी महाराज के समाधी स्थल पर पहुंचा। वहां पर संत श्री चोकसराम जी मुनि महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना कर समाधी स्थल पर ढोक लगाई। इसके बाद जुलूस का लवाजमा बढ़ता गया।हर कोई महाराज के दर्शन करने के लिए आतुर थे। जुलूस वहां से शुरू होकर सड़क मार्ग होते हुए कंकाली माता मंदिर पर पहुंचा। इसके बाद देहलवाल जी महाराज के मंदिर से होता हुआ चौथ का बरवाड़ा रोड़ से होकर बालाजी मंदिर पर पहुंचा। वहां पर पुजा अर्चना के बाद जुलूस नायकों के मोहल्ले से होकर बैरवा मोहल्ले होते हुए रामद्वारे पर जुलूस का समापन हुआ।

समापन के बाद उपस्थित भक्तों को गुरुवाणी का उदबोधन देते हुए। महाराज ने कहा कि सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। सभी लोग अपने-अपने धर्म का पालन करें। सत्य पर रहने वाले की कभी हार नहीं होती है। ईश्वर पर विश्वास आस्था बनाएं रखें।

अन्याय अनिति करने वाले को अपने कर्म के अनुसार समय आने पर दंड जरुर मिलता है। बुरा करने वाले के साथ भी बुरा करने की नहीं सोचे समय पर उसे अपने कर्म के अनुसार परिणाम मिलेगा। जुलूस में अलीगढ़ थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी, हैंड कांस्टेबल मेघराज मीणा सहित पुलिस का व्यापक बंदोबस्त रहा। समापन के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसादी बांटी गई। इस दौरान रामपाल सैनी, हनुमान मीणा, राधेश्याम माली,अनवर मोहम्मद, पुर्व सरपंच बुद्धि प्रकाश मीणा, मुरारी लाल सैनी ,बृजेश शर्मा, रामनिवास माली,शेर अली,महेश प्रजापत मुकेश मीणा, शेरु मोहम्मद, हनुमान वैष्णव, धनराज धाकड़,मोहन लाल मीणा, कन्हैया लाल सैनी,(भभीवाल)दिनेश धाकड़, गणेश सैनी, विशाल सैनी, सुरेन्द्र धाकड़,बीपी मीणा कालु लाल सैनी, एजाज खान, घनीशयाम धाकड़, सुनिल सैनी, चंद्र प्रकाश शर्मा, तारा चंद्र जांगिड़, कपुर चंद्र शर्मा, मुन्ना मोहम्मद,रामफुल ताजी, लालाराम मीणा,जमना लाल मीणा, ओम प्रकाश नायक, रामस्वरूप गुर्जर आलम मोहम्मद , नरेश लोदवाल,मनोज बैरवा, हनुमान बैरवा, मंगलराम बैरवा, सहित कई लोग जुलूस में उपस्थित रहे।

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा, 99% भारतीय निर्यात को तरजीही पहुंच

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) संपन्न होने की घोषणा 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संयुक्त रूप से समझौते की जानकारी दी। यह समझौता 2022 में पुनः आरंभ हुई वार्ताओं के बाद अंतिम रूप से तय हुआ है।समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में तरजीही पहुंच मिलेगी। वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है। लगभग 33 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात पर वर्तमान में लागू शुल्क समझौते के लागू होने पर चरणबद्ध तरीके से शून्य किया जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 11.5



लाख करोड़ रुपये (136.54 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। इसमें 6.4 लाख करोड़ रुपये (75.85 अरब अमेरिकी डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपये (60.68 अरब अमेरिकी डॉलर) का आयात शामिल है। वर्ष 2024 में दोनों के बीच सेवा व्यापार 7.2 लाख करोड़ रुपये (83.10 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया।समझौते में वस्तुओं और सेवाओं के अतिरिक्त व्यापार उपचार, मूल नियम, सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुगमता, डिजिटल व्यापार तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता मानकों तथा तकनीकी अवरोधों के समाधान के लिए नियामक सहयोग को भी इसमें शामिल किया गया है।ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कोटा-आधारित उदारीकरण का प्रावधान किया गया है। इसके तहत यूरोपीय निर्माताओं को निर्धारित श्रेणियों में भारतीय बाजार तक पहुंच मिलेगी, जबकि भारतीय निर्मित वाहनों को भी यूरोपीय बाजार में अवसर प्राप्त होंगे।

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को लेकर समझौते में बाजार पहुंच का विस्तार किया गया है। चाय, कॉफी, मसाले, ताजे फल-सब्जियां और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को लाभ मिलने की संभावना है। वहीं डेयरी, अनाज, मुर्गी पालन, सोयामील तथा कुछ संवेदनशील फसलों के संबंध में भारत ने घरेलू हितों की सुरक्षा के प्रावधान सुनिश्चित किए हैं।

सेवा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन और निर्माण सहित कई उपक्षेत्रों में बाजार पहुंच का विस्तार किया गया है।

समझौते के तहत यूरोपीय संघ के 144 उपक्षेत्रों और भारत के 102

# अर्बन पीएचसी ने लगाया शिविर, गर्भवती महिलाओं को परामर्श के साथ पांच वर्ष तक के बच्चों को लगाए टीके

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर की कच्ची बस्तियों और आउटरीच एरिया में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अब स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (अर्बन पीएचसी) द्वारा शहर के चेतन नगर में काली माई मंदिर के पास आज शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण,0 से 05 वर्ष आयु के छोटे बच्चों का टीकाकरण करने के साथ मौसमी बीमारियां के रोगियों को परामर्श दिया गया वही बीपी,शुगर पेशेंट की जांच की गई साथ में एमसीडी जांच भी हुई। शिविर के दौरान करीब 5 दर्जन लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर का आयोजन पीएचसी प्रभारी डॉ घनश्याम कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया।



डॉ घनश्याम कुशवाहा ने बताया कि अर्बन पीएचसी द्वारा शहर के उन स्थानों पर यह शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जो शहर के सामान्य अस्पताल या अर्बन पीएचसी से काफी दूरी पर है और वहां के रोगी अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में शिविर का आयोजन आज चेतन नगर कालीबाई मंदिर पर किया गया है। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हुई है और टीकाकरण के साथ उनका कार्ड बनाया गया। शिविर के माध्यम से प्रयास यही हैं कि हर आम और खास तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सके। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर सीमा बघेल,एएनएम सीमा कोली, हेल्पिंग स्टाफ हारुण खां,रजनी आदि मौजूद रहे।

वहीं शहर के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र चंगवरिया पाड़ा में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान केंद्र से जुड़ी महिलाओं के छोटे बच्चों को टीके लगाए गए।

# एक दिवसीय रोजगार शिविर का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन रोजगार कार्यालय परिसर धूलकोट धौलपुर में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में लगभग 300 आशार्थी उपस्थित हुए। रोजगार सहायता शिविर में आमधने प्रा.लि. ने 25, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. ने 9, जी4एस सिक्योर सोल्यूशन ने 18, एलआईसी धौलपुर ने 14, निकिता ग्रुप सिक्योरिटी सर्विसेज ने 8 आशार्थियों का प्राथमिक चयन तथा पीएनबी आरसेटी धौलपुर ने 25 तथा जिला अल्पसंख्यक विभाग ने 7 आशार्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया।

# पुलिस ने पकड़ा एक लाख की ठगी का आरोपी, बाइक चोर भी लगा हाथ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने एसपी द्वारा चलाये गए ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जरिए मुखबिर और साइबर टीम के सहयोग से एक साल पूर्व हुई बैंक के पास ठगी की वारदात का मुख्य आरोपी गिरफ्तार किया है। वहीं 22 दिन पहले शहर के सेढ़ पाड़ा से स्कूल लेक्चरर के घर के बाहर से चोरी गई बाइक के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की बाइक को बरामद करते हुए बाइक चोर और बाइक को खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने तीन स्थाई गारंटीयों को भी विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें एसआई हरवीर सिंह,एएसआई नीरज कुमार, कांस्टेबल सूबे सिंह, आसाराम, मनोज कुमार के साथ अन्य पुलिस टीम शामिल है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने पिछले वर्ष 3 जनवरी को लक्ष्मण प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति निवासी कसाई पाड़ा द्वारा थाने पर दर्ज ठगी की वारदात के मामले में कार्रवाई की है। बैंक के बाहर आरोपियों ने पीड़ित को बातों में लगाकर एक लाख की नगदी को कागज की गड्डी के बदले में ले लिया था। इसके बाद से आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने जरिए मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रणवीर पुत्र साहब सिंह कुशवाह निवासी महाफल का पूरा थाना सैपऊ को धौलपुर जेल से गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में पूर्व में एक आरोपी संदीप सिंह की गिरफ्तारी की जा चुकी है।वही दूसरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने 22 दिन पहले शहर के सेढ़ पाड़ा से स्कूल लेक्चरर मनीष पचोरी पुत्र दामोदर पचौरी के घर के बाहर से चोरी हुई बाइक के मामले में कार्रवाई की है। सीसीटीवी कैमरे और मानवीय सूचना पर आरोपी ढिल्लों उर्फ दिलशाद पुत्र इशाक मुसलमान निवासी साहनी पाड़ा सरमथुरा को गिरफ्तार किया है। जिसने बाइक को सरमथुरा के अंसार पुत्र सूखा मुसलमान को मात्र तीन हजार रुपये में बेच दिया था। आरोपियों के कब्जे से बाइक और बाइक की अलग की गई नंबर प्लेट बरामद की गई है।

तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने फरार वारंटी नरेश पुत्र भरत सिंह ठाकुर निवासी सेवर,शिवपुरी मध्य प्रदेश, सुरेश पुत्र भरत सिंह ठाकुर निवासी सेवर, शिवपुरी मध्य प्रदेश और भरत सिंह पुत्र रामेश्वर गुर्जर निवासी बिदरपुर थाना सरमथुरा को गिरफ्तार किया है।

# 'गर्भकाल से शिशु देखभाल तक डॉ. अनिता' का मार्गदर्शन, किलकारी से सशक्त हो रहा मातृ-शिशु स्वास्थ्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गर्भवती महिलाओं को अब गर्भावस्था से लेकर प्रसव उपरांत शिशु के प्रथम वर्ष तक आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी के लिए न तो पुस्तकों पर निर्भर रहना पड़ रहा है और न ही इंटरनेट पर भटकना पड़ रहा है। मोबाइल फोन पर नियमित वॉयस कॉल के माध्यम से काल्पनिक पात्र डॉ. अनिता सरल और सहज भाषा में सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुँचा रही हैं। यह पहल भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में प्रारंभ किए गए किलकारी कार्यक्रम के तहत संचालित की जा रही है।

किलकारी सेवा के अंतर्गत पीसीटीएस में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के चौथे माह से लेकर शिशु के एक वर्ष की आयु तक चरणबद्ध वॉयस मैसेज भेजे जाते हैं। इन संदेशों में प्रसव पूर्व जांच, संतुलित पोषण, एनीमिया नियंत्रण, सुरक्षित संस्थागत प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल, एचबीएनसी परिवार कल्याण, स्तनपान एवं शिशु टीकाकरण से संबंधित व्यवहारिक एवं जीवन रक्षक जानकारियां शामिल हैं।

समय पर दी गई यह सलाह संभावित जोखिमों की शीघ्र पहचान में सहायक होती है और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। इससे मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

इसी क्रम में आशा सहयोगिनियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। यह ऑडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल है, जिसके माध्यम से आशा कार्यकर्ता अपने मोबाइल फोन पर ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर रही हैं। इससे समुदाय स्तर पर परामर्श सेवाएं अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बन रही हैं।

बताते चले कि इन दोनों कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तर पर जी एक कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में किया जा चुका है। कार्यशाला में कार्यक्रम के उद्देश्यों, तकनीकी पहलुओं, पोर्टल डेटा प्रबंधन एवं आशा प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई।

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि जिले की प्रत्येक गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु तक सही समय पर स्वास्थ्य संदेश पहुंचाने के लिए पीसीटीएस पर शीघ्र एवं शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने किलकारी एप के इनकमिंग नम्बर 1600103660 एवं आउटगोइंग नम्बर 14423 के अधिकतम उपयोग पर बल दिया।

कार्यशाला के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चेतराम मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, ने भी अधिकारियों, कार्यक्रम प्रबंधकों, ब्लॉक स्तरीय कार्मिकों, आशा सुपरवाइजर से समूह चर्चा कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

कार्यशाला में डिविजनल प्रोग्राम ऑफिसर स्वाति द्विवेदी द्वारा पीपीटी के माध्यम से किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# घर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर हालत में धौलपुर रेफर

बाड़ी। उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के नगला बिधोरा रोड स्थित कोलुआ गांव निवासी 40 वर्षीय सेवक पुत्र मानसिंह गुर्जर पर परिवार के लोगों द्वारा पुराने विवाद में हमला करने और सोने के गहने छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक को परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोलुआ गांव निवासी 40 वर्षीय पीड़ित सेवक पुत्र मानसिंह गुर्जर ने बताया कि उनका उनके परिवार से ही पुराना विवाद चल रहा है। जिसको लेकर आरोपियों ने टार्गेट बनाकर उन पर हमला किया है। वह बाड़ी बाजार आया था जहां से अपने घर के गहने जिनमे सीतारामी,जंजीर और झाले शामिल है। उनको लेकर गांव जा रहा था। रात 08 बजे के करीब जब वह मोटरसाइकिल से बालाजी मंदिर पर पहुंचा तो गुटका खरीदने एक दुकान पर रुक गया। जहां से आरोपियों ने उसका पीछा किया और नगला बिधोरा रोड पर टंकी के पास आधा दर्जन लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जब वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया तो आरोपी उसके गहने छीनकर भाग गए।

घटना के बाद उसने जैसे तैसे परिजनों को सूचना दी। जिनके आने पर उसे बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाना पुलिस को जानकारी दी है।

बाड़ी सामान्य अस्पताल के चिकित्सक डॉ आनंद वर्मा ने बताया कि झगड़े के मामले में एक घायल अस्पताल लाया गया था। जिसके सिर में गंभीर चोट थी। ऐसे में उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

कंचनपुर थाना अधिकारी रामकिशन यादव ने बताया की कोलुआ गांव में एक ही परिवार के लोगों में पुराना विवाद चल रहा है जिसमें यह झगड़ा हुआ है। गहने लूट का मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है।फोटो केप्सन 1:- अस्पताल में भर्ती घायल।

# बोरडा में कक्षा 9 की बालिकाओं को साइकिल वितरण किया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटडी।** भीलवाड़ा कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के बोरडा ग्राम में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को स्थानीय ग्राम पंचायत प्रशासक देवी लाल बैरवा के मुख्यातिथि में कक्षा 9 में अध्ययरत 14 छात्रोंऔ को साइकिलों का वितरण किया गया उनके साथ बुथ अध्यक्ष जयपाल सिंह देवेंद्र सिंह किशन दरोगा वह एसएमसी अध्यक्ष रामगोपाल दरोगा के सानिध्य में संस्था प्रधान रामचंद्र नाई के द्वारा छात्राओं को साइकिल वितरण की गई इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

को पुष्प हार पहनाकर मुंह मीठा करवा कर साइकिल वितरण किया गया तथा साईकिल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पंचायत प्रशासक बैरवा ने कहा कि सरकार द्वारा

बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसे बालिकाएं अपने घर से निडर होकर साईकिल में बैठकर विद्यालय में आ सके समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित किया

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत पोर्टल पुनः आरम्भ

धौलपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत चयनित परिवारों के राशन कार्ड में जो सदस्य जुड़ने से शेष रह गये हैं, उन्हें जोड़ने हेतु पोर्टल पुनः प्रारम्भ किया जा चुका है।जिला रसद अधिकारी मणि खीची ने बताया कि इसमें परिवार का कोई भी सदस्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। संबंधित परिवार के शेष सदस्यों के नाम जनअधार एपीआई के माध्यम से जोड़े जायेंगे अर्थात जिस सदस्य का नाम जुड़वाना है, उसका नाम जनआधार कार्ड में होना आवश्यक है। यदि जुड़ने वाले किसी सदस्य के नाम पर गैस कनेक्शन उपलब्ध है, तो उसकी एलपीजी आईडी का वितरण भी दर्ज किया जाना आवश्यक है। जिला रसद अधिकारी, विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी के अप्रूवल के पश्चात सदस्य का नाम खाद्य सुरक्षा योजना में जुड़ने के 90 दिवस के भीतर संबंधित सदस्यों की ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थी स्वयं अपने मोबाइल द्वारा आवेदन कर सकता है। इसके लिए अनावश्यक रूप से ई-मित्र पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।




# राजस्थान विधानसभा का ऐतिहासिक घेराव किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल कूद प्रकोष्ठ के तत्वावधान में, प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के नेतृत्व में खिलाड़ियों, युवाओं और मजदूरों के अधिकारों को लेकर हजारों की तादाद में राजस्थान विधानसभा का ऐतिहासिक घेराव किया गया। इस विधानसभा घेराव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विधायक अमीन कागजी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक हाकम खान विधायक प्रत्याशी अर्चना शर्मा, वरिष्ठ नेता आर.आर. तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिली। प्रदेशभर से हजारों की तादाद आए खिलाड़ियों, युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में भाग लेकर सरकार की खेल विरोधी नीतियों, खिलाड़ियों को टीए/डीए एवं प्रोत्साहन राशि नहीं देने, युवाओं में बढ़ते नशे और मनरेगा में की गई कटौती के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। विधानसभा घेराव में धौलपुर से प्रदेश उपाध्यक्ष खेल प्रकोष मोन प्रकाश त्यागी व उनकी टीम धौलपुर और जयपुर की दोनों टीम भी शामिल हुई।



# सिंह जी का खेड़ा चारागाह भूमि से अतिंक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणो ने उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटडी।** भीलवाड़ा कोटड़ी उपखंड क्षेत्र की मंशा पंचायत के सिंहजी का खेडा पटवार हल्का मंशा की चारागाह व बिलानाम जमीन पर अवैध कब्जा करके पक्का मकान निर्माण करने के कारण निर्माण कार्य को रूकवाने तथा अवैध कब्जे को हटवाने को लेकर ग्रामीण एकजूट होकर कोटडी उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंहजी का खेड़ा चारागाह भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर चारागाह भूमि को खुर्द बुर्द करने के साथ ही तेजी से अवैध निर्माण किए जा रहे हैं जिसे ग्राम के पशुधन गाय भैस, बकरी भेड इत्यादी हैं जो सभी ग्राम सिंहजी का खेडा की चारागाह व बिलानाम में चरने जाते है व उक्त चारागाह से ही हम ग्रामवासीयो के पशुओ का जीवन यापन हो रहा हैं। चारागाह भूमि पर अवैध कब्जे करने के कारण ग्राम सिंहजी का खेडा के पशुधन भूखे मर जायेंगे व गांव वालो के सामने गंभीर संकट पैदा हो जायेगे उक्त प्रकरण में संज्ञान लेकर तुरन्त कार्यवाही कर अतिक्रमणकारी द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाकर चारागाह व बिलानाम भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कृपा करावें। तथा चारागाह भूमि का सीमांकन करवानें के साथ ही अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की गई ज्ञापन में जिंला अध्यक्ष राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा शंकर लाल गुर्जर,महदेंव गुर्जर तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा,ब्लांक कांग्रेस सचिंव सवाईराम गुर्जर,ग्राम प्रमुख भैंरूं लाल गुर्जर,युवा अध्यक्ष देंबीं लाल कोंराणा,जगदींश सैंन,शंकर बा बड़ा,इकाई अध्यक्ष लक्ष्मण मोंटर,छोंटू लाल कोंराणा,धन्ना लाल मोंटर,शैतान गुर्जर, भैंरूं लाल कोंराणा,जगदींश कोंराणा, नारायण मामा कोंराणा,आईंटीं सैंल अध्यक्ष नन्दलाल गुर्जर,लादु लाल रेंगर भोंपाजीं, जगदींश कोंराणा आदि मौजूद थे।

# जयपुर में आईपीएल के लिए बीसीसीआई- राजस्थान रॉयल्स का दौरा रद्द

राजस्थान के लाखों क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबलों के आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और राजस्थान रॉयल्स के पदाधिकारियों का मंगलवार को स्टेडियम दौरा प्रस्तावित था। आखिरी समय में इसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद जयपुर में आईपीएल मैचों के आयोजन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। दरअसल, राजस्थान रॉयल्स के घरेलू मैच जयपुर में कराने के लिए सरकारी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई थी। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया को पत्र लिखकर जयपुर में आईपीएल आयोजन का आग्रह भी किया।


## कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)

SR.NO. :- न.पा.री/2025-26/6403 DATE : 17/02/2026

Email ringas.jaipur@gmail.com

-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निम्नाकिंत विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य / उपयोग की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबध में किसी व्यक्ति / संस्था / हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र.स | नाम आवेदकगण का नाम | पटटा संख्या | क्षेत्रफल/एरिया | स्थान | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ब्रजमोहन बाजिया पुत्र मालीराम बाजिया एवं श्रीमति आंकाक्षा चौधरी पत्नि ब्रजमोहन बाजिया निवासी माछेड़ा, सीकर रोड अखेपुरा, जिला-जयपुर | निकाय पटटा संख्या 3041 दिनांक 03. 02.2026 (खसरा न. 3087/1 | 461.23 वर्गमीटर | राजस्व ग्राम-रींगस, शिव नगर बाईपास कॉलोनी रींगस | आवासीय प्रयोजन से संस्थागत प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत। |

(महेश ओला)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रींगस

## कार्यालय नगर परिषद बारां

स्टेशन रोड़, बारां (राज0)

nagarpalikabaran@gmail.com Phone: 07453-230400

क्रमांकः- नपबा/भूमि रूपां./2025/9647-48 दिनांक :-12/01/2026

भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूवना के तहत बनाये गये राजत्त्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य त्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति ने रखा जाना प्रस्तावित है।

उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे नगर परिषद कार्यालय ने प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरां नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू- उपयोग | प्रस्तावित-भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार विजय पुत्र श्री नवल किशोर निवासी श्रीजी चौक बारां तह0 बारां जिला बारां (राज.) | नलका खसरा न. 878/877 भूखण्ड संख्या बी-6 नलका बाई पास रोड़ बारां | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात् आवासीय | आवत्तीय से व्यवसायिक | 515.15 वर्गमीटर में से 245.35 वर्गमीटर | |

आयुक्त
नगर परिषद बारां

## कार्यालय नगर परिषद बारां

स्टेशन रोड़, बारां (राज0)

nagarpalikabaran@gmail.com Phone: 07453-230400

क्रमांकः- नपबा/भूमि रूपां./2025/9651-52 दिनांक :-12/01/2026

भू उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय / राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित है।

उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे नगर परिषद कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरां नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू- उपयोग | प्रस्तावित-भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हर्ष विजय पुत्र श्री विनोद कुमार विजय निवासी श्रीजी चौक बारां तह. बारां जिला बारां (राज.) | नलका खसरा न0 878/877 भूखण्ड संख्या 6 बी नलका बाई पास रोड़ बारां | सडक मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात् आवासीय | आवसीय से व्यवसायिक | 515.15 वर्गमीटर में से 245.35 वर्गमीटर | |

आयुक्त
नगर परिषद बारां

## उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आंमत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 10.03.2026 को 15.00 बजे तक 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 10.03.2026 को 15.00 बजे के बाद। निविदा संख्या : 50/2025–26 कार्य का विवरण : Provision of Air conditioners at all branches in DRM office and strengthening of power supply system at DRM office and other associated locations. अनुमानित लागत रूपये : Rs. 18127925.66 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

246-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


cmyk

# संपादकीय

## जब शब्द चुप हो जाते हैं,

मौन निशब्द है, लेकिन यह भाषा है, भाव, शब्द, अर्थ, साधना, भक्ति, शक्ति, सामर्थ्य, ज्ञान, सुंदर और मुखर भी है। यह अमूल्य आभूषण भी है। मौन को जितनी भी उपाधि दी जाए, कम ही है। यह कमजोरी नहीं है, बल्कि यह शक्तिशाली है। कभी-कभी हम बोलकर शब्दों के जरिए जितना सटीक अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं, उससे ज्यादा चुप रहकर बोल लेते हैं।

कुछ भाव-भावनाओं के लिए तो शब्दकोश में शब्द खोजते रह जाते हैं, लेकिन नहीं मिलता। वहीं भाव भंगिमा की सहायता से मौन के सहारे एकदम सटीक, बेहतर तरीके से अपनी बात कह देते हैं।

कुछ लोग शब्दों की अनुपस्थिति को मौन मान लेते हैं। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। मौन का मतलब सिर्फ शब्दों का अभाव नहीं है, बल्कि आंतरिक शांति, स्पष्टता और समझ पाने की गहरी क्षमता है। इससे इंसान के भीतर आत्मचिंतन और एकाग्रता में इजाफा होता है। मौन उसे ही माना जा सकता है, जहां हमारा चित्त पूरी तरह से शांत हो। वहीं बिना वजह का बोलना हमारी ऊर्जा का फिजूल खर्च है। ऐसी जगह पर शाब्दिक 'मौन' ऊर्जा की बचत ही करता है। साथ ही अत्यधिक वाचाल होना विभिन्न प्रकार के विवादों को न्योता देना होता है, जिससे हम अनावश्यक विवाद में उलझते हैं।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मौन को वरदान के तौर पर देखा जाता है। इसके जरिए हम खुद के साथ ज्यादा गहराई से जुड़ते हैं। जब हम मौन में रहते हैं, तो अपने ऊपर चिंतन-मनन करते हैं। अपने जीवन के बारे में ठीक-ठाक विश्लेषण करते हैं, जो हमारे जीवन में सार्थक और चमत्कारिक बदलाव लाता है।

इससे हम दुनिया के बाहरी शोर को परे रखकर आंतरिक ज्ञान और स्थिरता पाते हैं। यह सब हमारे मन को शांत करता है और जीवन को सकारात्मक बनाता है। कहा जा सकता है कि मौन हमारा आध्यात्मिक और व्यक्तिगत विकास करता है।

मौन की एक शक्ति हमारे परिस्थितिजन्य तात्कालिक आवेग को रोक कर कुछ भी अनुचित कहने से रोकना है, जो रिश्तों को बचाने का काम करता है। अक्सर अत्यधिक बोलने वाले आवेग में ऐसी बातें बोल देते हैं, जो लोगों को अप्रिय लगती है और फिर रिश्तों में तनाव उत्पन्न हो जाता है।

पर जिन्हें मौन का अभ्यास होता है, वे अपने तात्कालिक आवेग पर नियंत्रण रख लेते हैं। बाहर से देखने पर मौन में भले खामोशी दिखती है, लेकिन यह एक सक्रिय अवस्था है जो जीवन में आंतरिक शक्ति, शांति जीवन में लाने का कार्य करती है।

जानकार लोग भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि हम केवल न बोलने को मौन समझ लेते हैं, जबकि वास्तव में मौन तब होता है, जब मन की खटपट मिट जाए, मन पूरी तरह शांत हो जाए। हमारे होंठ भी इसी कारण चलते हैं, क्योंकि जब मन अशांत होता है, तब हम मौन होकर भी मौन नहीं होते हैं। शब्दहीनता को मौन समझ लेना इसका सस्ता अर्थ लगाना है।

श्रीमद्भागवत गीता में मौन को मानसिक 'तप' के साथ-साथ आत्मसंयम का साधन और ईश्वर की वाणी सुनने का मार्ग बताया गया है। मौन का अर्थ केवल वाणी से नहीं, बल्कि मन की चंचलता को रोकने से है। और मन की चंचलता को रोकना अपने आप में दुसाध्य कार्य है। मौन का अर्थ कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आत्म साक्षात्कार, मानसिक शांति, आध्यात्मिक प्रगति के लिए एक आवश्यक साधन है।

किसी भी चीज के दो पहलू होते हैं- सकारात्मक और नकारात्मक। मौन का नकारात्मक पहलू यह है कि यह कई बार अर्थ का अनर्थ भी कर देता है। भले ही इसके बहुत सारे लाभ हों, लेकिन अक्सर यह संशय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर देता है।इसे एक दुधारी तलवार की तरह देखा जा सकता है, जो अपने नकारात्मक पक्ष में भी ज्यादा धारदार या नुकसानदेह नहीं है। फिर भी इसमें थोड़ी धार तो होती ही है।

# शोधकर्ताओं ने स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए नए अनुसंधान विकल्पों की खोज की

परंपरागत रूप से, आयु को कालानुक्रमिक रूप से मापा जाता है, लेकिन वैज्ञानिक अब जैविक आयु पर जोर देते हैं, जो कोशिकीय स्वास्थ्य और रोग के जोखिम को दर्शाता है। बायोमार्करों और जैविक घड़ियों में हुई प्रगति से शोधकर्ताओं को उम्र बढ़ने पर अधिक सटीक नजर रखने और दीर्घायु को बढ़ावा देने वाले हस्तक्षेपों का मूल्यांकन करने की अनुमति मिलती है। नए मल्टी-ओमिक्स शोध से पता चलता है कि उम्र बढ़ने में व्यक्तियों के बीच व्यापक अंतर होता है,

**डॉ. विजय गर्ग**

स्वस्थ उम्र बढ़ना, शारीरिक रूप से सक्रिय, मानसिक रूप से तेज और रोग-मुक्त रहते हुए लंबे समय तक जीवित रहना आधुनिक विज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक बन गया है। वैश्विक जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ, शोधकर्ता केवल आयु बढ़ाने से लेकर स्वास्थ्य अवधि में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो अच्छे स्वास्थ्य में बिताए गए वर्ष हैं। हाल के अध्ययनों से ऐसे आशाजनक नए मार्ग सामने आए हैं जो उम्र बढ़ने को धीमा कर सकते हैं, बीमारियों को रोक सकते हैं और जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं।

### वर्षों से अधिक उम्र बढ़ने को समझना

परंपरागत रूप से, आयु को कालानुक्रमिक रूप से मापा जाता है, लेकिन वैज्ञानिक अब जैविक आयु पर जोर देते हैं, जो कोशिकीय स्वास्थ्य और रोग के जोखिम को दर्शाता है। बायोमार्करों और जैविक घड़ियों में हुई प्रगति से शोधकर्ताओं को उम्र बढ़ने पर अधिक सटीक नज़र रखने और दीर्घायु को बढ़ावा देने वाले हस्तक्षेपों का मूल्यांकन करने की अनुमति मिलती है। नए मल्टी-ओमिक्स शोध से पता चलता है कि उम्र बढ़ने में व्यक्तियों के बीच व्यापक अंतर होता है, जिससे स्वस्थ दीर्घायु के लिए व्यक्तिगत रणनीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश पड़ता है।

### जीवनशैली में बड़े प्रभाव के साथ सूक्ष्म परिवर्तन

बढ़ते शोध से पता चलता है कि जीवनशैली में छोटे-छोटे सुधार स्वस्थ जीवन को काफी बढ़ा सकते हैं। एक बड़े अध्ययन में पाया गया कि नींद, पोषण और शारीरिक गतिविधि में मामूली सुधार से रोग-मुक्त जीवन में वर्षों की वृद्धि हो सकती है, तथा यहां तक कि छोटे दैनिक परिवर्तन भी मापनीय लाभ उत्पन्न कर सकते हैं। यह समग्र दृष्टिकोण जीवनशैली में भारी परिवर्तनों के बजाय स्थिरता पर जोर देता है।

### मस्तिष्क स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक प्रशिक्षण

संज्ञानात्मक कार्य को बनाए रखना स्वस्थ उम्र बढ़ने का आधार है। दीर्घकालिक शोध से पता चलता है कि लक्षित संज्ञानात्मक 'गति प्रशिक्षण' व्यायाम, लगातार अभ्यास करने पर मनोभ्रंश के जोखिम को लगभग 25% तक कम कर सकते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण से तंत्रिका संबंध मजबूत होते हैं और मस्तिष्क की लचीलापन में सुधार होता है, जिससे यह पता चलता है कि मानसिक फिटनेस शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

### पोषण, पूरक आहार और सेलुलर एजिंग

दीर्घायु अनुसंधान में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है। उभरते साक्ष्यों से पता चलता है कि विटामिन डी की खुराक टेलोमेरेस की रक्षा करके और सूजन को कम करके कोशिकीय उम्र बढ़ने को धीमा कर सकती है। वैज्ञानिक पौधों के यौगिकों और आहार संबंधी फाइटोकेमिकल्स की भी खोज कर रहे हैं, क्योंकि इनमें सूजनरोधी और प्रतिरक्षा-सहायक गुण होते हैं, जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं।

### उम्र बढ़ने के जीव विज्ञान को लक्षित करना

आधुनिक जीरोसाइंस का उद्देश्य व्यक्तिगत बीमारियों के बजाय स्वयं उम्र बढ़ने का इलाज करना है। शोधकर्ता नेटवर्क मेडिसिन और एआई उपकरणों का उपयोग करके उन दवाओं की पहचान कर रहे हैं जो उम्र बढ़ने और आयु-संबंधी बीमारियों से जुड़े जैविक मार्गों को प्रभावित कर सकती हैं। यह दृष्टिकोण स्वस्थ जीवनकाल बढ़ाने वाली चिकित्सा पद्धतियों की खोज में तेजी ला सकता है।

### बायोमार्कर और प्रारंभिक पहचान

वैज्ञानिक उन्नत बायोमार्कर विकसित कर रहे हैं, जिनमें एपिजेनेटिक घड़ियां, सूजन मार्कर, मांसपेशियों की ताकत के मापदंड और संज्ञानात्मक परीक्षण शामिल हैं। ऐसे उपकरण आयु-संबंधी गिरावट का शीघ्र पता लगाने में सक्षम होते हैं तथा व्यक्तिगत रोकथाम रणनीतियों की अनुमति देते हैं।

### भविष्य: व्यक्तिगत दीर्घायु चिकित्सा

स्वस्थ उम्र बढ़ने का भविष्य आनुवंशिकी, जीवनशैली, डिजिटल स्वास्थ्य निगरानी और एआई-संचालित विश्लेषण को एकीकृत करने में निहित है। सटीक चिकित्सा दृष्टिकोण का उद्देश्य व्यक्तिगत उम्र बढ़ने के पैटर्न के अनुसार हस्तक्षेप करना है, जिससे लोगों को बाद में भी जीवन शक्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।सेलुलर रीप्रोग्रामिंग और 'रीसेट' प्रौद्योगिकी वृद्धावस्था अनुसंधान में सबसे आम बदलावों में से एक एपिजेनेटिक रीप्रोग्रामिंग का उपयोग है। शोधकर्ता अब केवल क्षति को रोकने की कोशिश नहीं कर रहे हैं; वे कोशिकाओं को अधिक युवा अवस्था में लाने का प्रयास कर रहे हैं। यामानाका कारकः वैज्ञानिक विशिष्ट प्रतिलेखन कारकों के उपयोग को परिष्कृत कर रहे हैं जो एक 'थके हुए' वयस्क कोशिका को पुनः स्टेम जैसी स्थिति में बदल सकते हैं। 'रीसेट' प्लेटफॉर्मः नए एआई-संचालित प्लेटफार्म कोशिकाओं को कैंसरग्रस्त होने के जोखिम के बिना कोशिका क्षति की मरम्मत के लिए आवश्यक सटीक संकेतों की पहचान कर रहे हैं। यह पिछले वर्षों में एक बड़ी बाधा थी। ष्ट्यश्ष्य.ङ्खश् पहलः स्टार्टअप अब मानव प्रेरित बहुशक्तिशाली स्टेम कोशिकाओं (द्वक्ष्स्ह्य) का उपयोग कर रहे हैं, ताकि एक 'स्व-पुनरुत्थान तंत्र' को सक्रिय किया जा सके, जो प्रभावी रूप से कोशिकाओं को अपनी उम्र बढ़ने की विशेषताओं को ठीक करने के लिए मजबूर करता है।

'ज़ॉम्बी' कोशिकाओं को लक्षित करना (सेनोलिटिक्स) कोशिकीय वृद्धावस्था पर शोध एक नैदानिक मोड़ पर पहुंच गया है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, कुछ कोशिकाएं विभाजित होना बंद कर देती हैं, लेकिन मरती नहीं हैं; इसके बजाय, वे 'ज़ॉम्बी कोशिकाओं' के रूप में बनी रहती हैं, तथा सूजन पैदा करने वाले रसायन स्रावित करती हैं

जो पड़ोसी स्वस्थ ऊतकों को नुकसान पहुंचाते हैं। डीपसेन्स एआईः ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने हाल ही में डीपसेंस नामक एक एआई उपकरण विकसित किया है, जो विभिन्न ऊतकों में इन वृद्ध कोशिकाओं का सटीक पता लगा सकता है, जिससे अधिक सटीक लक्ष्यीकरण संभव हो सके। अगली पीढ़ी के सेनोलिटिक्सः इन कोशिकाओं को चुनिंदा रूप से साफ करने के लिए नए फार्मास्युटिकल एजेंटों का परीक्षण किया जा रहा है, जिससे जैविक आयु महीनों की बजाय वर्षों में बदल सकती है।

'जैविक समन्वय' सिद्धांत 2026 की शुरुआत में, एक नया वैचारिक ढांचा सामने आयाः उम्र बढ़ना कोई 'दोष' या एकल 'टूटा हुआ हिस्सा' नहीं हो सकता है, बल्कि जैविक प्रणालियों के बीच समन्वय का नुकसान हो सकता है।

सिस्टम लचीलापनः अनुसंधान अब यह देख रहा है कि आंत का माइक्रोबायोम, माइटोकॉन्ड्रिया और मस्तिष्क एक दूसरे से कैसे 'बात करते हैं '। हस्तक्षेपः एक समस्या के लिए एक गोली के बजाय, शोधकर्ता 'सिस्टम मेडिसिन' विकसित कर रहे हैं जो आपके चयापचय और आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली के बीच समन्वय बनाए रखने में मदद करती है। 4. सफलता बायोमार्कर और उम्र बढ़ने वाली घड़ियां आप जो माप नहीं सकते उसे ठीक नहीं कर सकते। एपिजेनेटिक घड़ियों (डीएनए मिथाइलेशन को मापने वाली) और प्रोटीओमिक स्कोर (रक्त-आधारित प्रोटीन मार्कर) के विकास से अब डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की 'जैविक आयु' का अनुमान लगाने में मदद मिलती है पूर्वानुमानित स्वास्थ्यः ये घड़ियाँ अब शारीरिक लक्षण प्रकट होने से कई वर्ष पहले ही 'कमजोरी' की भविष्यवाणी कर सकती हैं। वैक्सीन अंतर्दृष्टिः यूएससी द्वारा 2026 में किए गए एक आश्चर्यजनक अध्ययन से पता चला कि सामान्य टीकाकरण (जैसे शिंगल्स वैक्सीन) धीमी जैविक उम्र बढ़ने से जुड़ा हुआ है, जो संभवतः पुरानी प्रणालीगत सूजन को कम करता है

### निष्कर्ष

नये शोध से उम्र बढ़ने के बारे में हमारी समझ बदल रही है। गिरावट को अपरिहार्य मानने के बजाय, विज्ञान अब स्वस्थ और लंबे जीवन की ओर व्यावहारिक मार्ग प्रस्तुत करता है। जीवनशैली में सुधार, संज्ञानात्मक सहभागिता, पोषण संबंधी सहायता, बायोमार्कर निगरानी और उन्नत चिकित्सा अनुसंधान के माध्यम से, स्वस्थ उम्र बढ़ने का एजुकेशनिस्ट सपना एक प्राप्त करने योग्य वास्तविकता बन रहा है।

स्वस्थ उम्र बढ़ना अब केवल जीवन में वर्ष जोड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि वर्षों में जीवन जोड़ना है।

**डॉ. विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बहुत खतरा है

**डॉ. विजय गर्ग**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया को अभूतपूर्व गति से बदल रही है। वॉयस असिस्टेंट और सिफारिश प्रणालियों से लेकर चिकित्सा निदान और स्व-ड्राइविंग प्रौद्योगिकियों तक, एआई हमारे जीवन और कार्य के तरीके को नया रूप दे रहा है।

फिर भी इसके उल्लेखनीय लाभों के साथ-साथ एक बढ़ती हुई चिंता भी हैः एआई से नौकरियों, गोपनीयता, सुरक्षा और यहां तक कि मानव स्वायत्तता को संभावित खतरा हो सकता है। जैसे-जैसे समाज बुद्धिमान मशीनों को अपनाता है, इन जोखिमों को समझना और उनका समाधान करना आवश्यक हो जाता है।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समझना

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तात्पर्य उन कंप्यूटर प्रणालियों से है जिन्हें ऐसे कार्यों को करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिनमें सामान्यतः मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है, जैसे कि सीखना, तर्क करना, निर्णय लेना और भाषा समझने की क्षमता। आधुनिक एआई प्रणालियां, जिनमें ओपनएआईटुक्स चैटजीपीटी और गूगलटुक्स जेमिनी जैसे उपकरण शामिल हैं, यह दर्शाती हैं कि कितनी तेजी से मशीनें ऐसी क्षमताएं प्राप्त कर रही हैं जिन्हें कभी अद्वितीय मानव माना जाता था।

### नौकरी विस्थापन और आर्थिक असमानता

एआई के सबसे व्यापक रूप से चर्चा किए जाने वाले खतरों में से एक है नौकरी विस्थापन। विनिर्माण, ग्राहक सेवा, परिवहन और यहां तक कि सफेदपोश व्यवसायों में भी स्वचालन बार-बार होने वाले कार्यों का स्थान ले रहा है।

### संभावित प्रभावों में शामिल हैं:

कम कुशल और नियमित नौकरियों की मांग में कमी मध्यम आय वाले व्यवसायों पर दबाव, उच्च तकनीक वाले और कम कुशल श्रमिकों के बीच बढ़ती खाई

हालांकि एआई नई भूमिकाएं भी पैदा करता है, लेकिन यह परिवर्तन विघटनकारी हो सकता है, विशेष रूप से उन श्रमिकों के लिए जिनके पास पुनः कौशल प्राप्त करने के अवसर नहीं हैं।

### गोपनीयता और निगरानी संबंधी चिंताएं

एआई-संचालित चेहरे की पहचान, डेटा ट्रैकिंग और पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण ने गोपनीयता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। सरकारें और निगम भारी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं, कभी-कभी स्पष्ट सहमति के बिना भी।

जोखिमों में शामिल हैं:, बड़े पैमाने पर निगरानी, डेटा का दुरुपयोग और प्रोफाइलिंग, व्यक्तिगत गोपनीयता का नुकसान

मजबूत डेटा संरक्षण कानूनों के बिना, व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी पर नियंत्रण खो सकते हैं।

### पूर्वाग्रह और एल्गोरिथमिक भेदभाव

एआई प्रणालियां डेटा से सीखती हैं। यदि प्रशिक्षण डेटा में पूर्वाग्रह है, तो प्रणाली भेदभाव की नकल कर सकती है या उसे बढ़ा सकती है।

उदाहरणों में शामिल हैं:, पक्षपातपूर्ण नियुक्ति उपकरण, अनुचित क्रेडिट स्कोरिंग प्रणालियां, भेदभावपूर्ण चेहरे की पहचान के परिणाम

इससे नैतिक एआई विकास और पारदर्शी एल्गोरिदम के महत्व पर प्रकाश पड़ता है।

### गलत सूचना और डीपफेक

एआई-जनित सामग्री अत्यधिक यथार्थवादी चित्र, वीडियो और पाठ तैयार कर सकती है। यद्यपि यह प्रौद्योगिकी रचनात्मक उद्योगों के लिए उपयोगी है, लेकिन इससे गलत सूचनाएं भी फैल सकती हैं।

### खतरों में शामिल हैं:

डीपफेक वीडियो जनमत को प्रभावित करते हैं

### बड़े पैमाने पर फर्जी खबरें

मीडिया और संस्थाओं में विश्वास का क्षरण जैसे-जैसे सिंथेटिक सामग्री अधिक विश्वसनीय होती जा रही है, सत्य को मनगढ़ंत से अलग करना कठिन होता जा रहा है।

### सुरक्षा जोखिम और स्वायत्त हथियार

एआई को साइबर हमलों, स्वचालित हैकिंग उपकरणों और स्वायत्त हथियार प्रणालियों के माध्यम से हथियार बनाया जा सकता है, जो मानव हस्तक्षेप के बिना लक्ष्यीकरण संबंधी निर्णय लेने में सक्षम हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ऐसी प्रौद्योगिकियां संघर्ष की गति और पैमाने को बढ़ा सकती हैं।

### मानव नियंत्रण का नुकसान और अतिनिर्भरता

जैसे-जैसे एआई प्रणालियां निर्णय लेने की भूमिका निभाती हैं, अतिनिर्भरता का खतरा बढ़ता जाता है। नेविगेशन प्रणालियों से लेकर स्वचालित चिकित्सा आकलन तक, मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता मानव निर्णय और आलोचनात्मक सोच कौशल को कमजोर कर सकती है।

### नैतिक और अस्तित्व संबंधी चिंताएं

कुछ वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी नेता चेतावनी देते हैं कि यदि एआई प्रणालियां मानव बुद्धिमत्ता से आगे निकल जाती हैं तो दीर्घकालिक जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। यद्यपि यह अटकलें हैं, लेकिन चिंताओं में निम्नलिखित शामिल हैं

### मानवीय निगरानी का नुकसान

मनुष्य और मशीन के बीच गलत लक्ष्य, स्वायत्त निर्णय लेने में नैतिक दुविधाएं

ये मुद्दे सावधानीपूर्वक शासन और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

### नवाचार और जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाना

इन खतरों के बावजूद, एआई स्वाभाविक रूप से हानिकारक नहीं है। इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि मनुष्य इसे किस प्रकार डिजाइन, विनियमित और उपयोग करते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि एआई से मानवता को लाभ मिले, विशेषज्ञ सलाह देते हैं:

मजबूत नैतिक दिशानिर्देश और पारदर्शिता ? डेटा गोपनीयता सुरक्षा ? कार्यबल पुनःप्रशिक्षण कार्यक्रम ? उच्च जोखिम वाले एआई अनुप्रयोगों का विनियमन ? एआई सुरक्षा मानकों पर वैश्विक सहयोग

### निष्कर्ष

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब तक बनाई गई सबसे शक्तिशाली प्रौद्योगिकियों में से एक है।

यद्यपि यह बहुत अधिक लाभ प्रदान करता है, फिर भी इसके संभावित जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वास्तविक चुनौती एआई विकास को रोकना नहीं है, बल्कि इसे जिम्मेदारी से निर्देशित करना है।

भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या मानवता मानवीय गरिमा, सुरक्षा और स्वतंत्रता से समझौता किए बिना एआई की बुद्धिमत्ता का उपयोग कर सकती है।

**डॉ. विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रमुख शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाविद स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# दुनिया में एआई का बढ़ता प्रभाव, विकास की नई दिशा या रोजगार और समाज के लिए नई चुनौती

इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे।

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है।

इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई।

हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। दूसरी ओर, एआइ के फैलते पांव के समांतर रोजगार पर इसके व्यापक प्रभाव और खतरों को लेकर आशंकाएं भी जताई गई हैं। दिल्ली के सम्मेलन में एक उद्देश्य एआइ से रोजगार, आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने वाले असर और उसके खतरों को कम करने के लिए ठोस उपायों तथा प्रयासों पर भी चर्चा करना है।यह जगजाहिर है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दायरा कितने बड़े क्षेत्र में फैल चुका है। हाथ में मौजूद स्मार्टफोन अब केवल तस्वीरें संपादित करके सोशल मीडिया के मंचों पर सुर्खियां हासिल करने का जरिया भर नहीं है। चिकित्सा जगत में एआइ का उपयोग बीमारी की पहचान से लेकर इलाज में भी होने लगा है। अपराध पर लगाम लगाने के मामले में एआइ की उपयोगिता साबित हो चुकी है।

शिक्षा जगत से लेकर रक्षा और कारोबार के विभिन्न क्षेत्र में नए स्तर पर इसका प्रयोग हो रहा है। जाहिर है, विकास के नए मानक रचने और आधुनिक दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए एआइ के मामले में हर वक्त अद्यतन रहने की जरूरत होगी।

मगर रोजगार के अवसरों के सिकुड़ने से लेकर कई स्तर पर लोगों की जिंदगी से जुड़े बहुस्तरीय जोखिम के जैसे मामले तेजी से सामने आने लगे हैं, उसका हल निकालना सबसे बड़ी चुनौती होगी। साथ ही एआइ डेटा केंद्रों के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और पानी की खपत को लेकर जिस तरह की चिंताएं उभरी हैं, अगर उसका कोई ठोस हल नहीं निकाला गया, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भर विकास कसौटी पर होगा।

# आर्थिक विकास के दावे तेज, मगर महंगाई बनती जा रही है आम जनता की सबसे बड़ी चुनौती

**यह सवाल इसलिए अहम है कि एक तरफ विकास की चमकती तस्वीर पेश की जा रही है, तो दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति कुछ और ही बयां करती है। सरकार की ओर से पिछले सप्ताह और सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष की शुरुआत ही महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। देश में थोक महंगाई जनवरी में बढ़कर 1.81 फीसद पर पहुंच गई, जबकि गत वर्ष दिसंबर में यह 0.83 फीसद पर थी।**

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। माना जा रहा है कि मजबूत घरेलू खपत, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि से यह मुकाम हासिल हुआ है। अब यह दावा किया जा रहा है कि निकट भविष्य में देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लेगा। मगर, आर्थिक विकास के आंकड़ों से जुड़े आकलन के इस पैमाने में क्या महंगाई को कम या स्थिर करने का पहलू भी शामिल किया गया है?




यह सवाल इसलिए अहम है कि एक तरफ विकास की चमकती तस्वीर पेश की जा रही है, तो दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति कुछ और ही बयां करती है। सरकार की ओर से पिछले सप्ताह और सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष की शुरुआत ही महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। देश में थोक महंगाई जनवरी में बढ़कर 1.81 फीसद पर पहुंच गई, जबकि गत वर्ष दिसंबर में यह 0.83 फीसद पर थी।

इसी तरह खुदरा महंगाई पिछले माह बढ़कर 2.75 फीसद हो गई, जिससे खाद्य सामग्री समेत कई जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्य वर्ग पर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय का एक बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक वस्तुओं पर खर्च होता है।

इस कारण उनके जीवनयापन की लागत बढ़ जाती है, उनकी क्रय शक्ति कम हो जाती है और उन्हें अपने दूसरे खर्चों में कटौती के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक महंगाई में बढ़ोतरी खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर वृद्धि के कारण हुई है।

सबसे ज्यादा चिंताजनक है खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ना, क्योंकि इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ता है। पिछले माह खाद्य वस्तुओं की थोक महंगाई दर 1.55 फीसद रही, जबकि गत वर्ष दिसंबर में इसमें 0.43 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी।

इनमें भी सब्जियों की महंगाई दर सबसे ज्यादा 6.78 फीसद पर पहुंच गई है। यानी अब आम आदमी की थाली में सब्जियों की मात्रा कम हो गई है। महंगाई दर में यह उतार-चढ़ाव दर्शाता है कि विकास में स्थिरता और समानता का संतुलन साधने की जरूरत है।



# टी20 विश्व कप में टीम इंडिया सही रास्ते पर : बीसीसीआई सचिव सैकिया




**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया ने वर्ष 2026 के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ग्रुप चरण में लगातार तीनों मैच जीतकर भारत ने सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। खास बात यह है कि ग्रुप ए का एक मैच अभी बाकी है, फिर भी टीम अगले दौर में पहुंच चुकी है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। अब तक अपराजित रही भारतीय टीम बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगी। टीम की कोशिश होगी कि वह लगातार चौथी जीत दर्ज करे और सुपर 8 में पूरे आत्मविश्वास और लय के साथ प्रवेश करे। सैकिया ने कहा कि टूर्नामेंट में अब तक टीम इंडिया सही रास्ते पर है और उम्मीद है कि यह लय आखिर तक बनी रहेगी। उन्होंने आईएएनएस से कहा, 'टीम इंडिया टूर्नामेंट में अब तक सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है...उम्मीद है कि मोमेंटम आखिर तक बना रहेगा। '

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ करीबी जीत से की थी। एक समय टीम का स्कोर 77 रन पर 6 विकेट था और स्थिति मुश्किल लग रही थी। उस समय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने दबाव में नाबाद 84 रन की शानदार पारी खेली और टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया ने 29 रन से मैच जीत लिया।

दूसरे मैच में नामीबिया के खिलाफ भारत ने टूर्नामेंट का सबसे मजबूत प्रदर्शन किया। टीम ने 209 रन का बड़ा स्कोर बनाया। शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने अहम योगदान दिया। ईशान किशन ने तेज 61 रन बनाए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 52 रन की आक्रामक पारी खेली। इसके बाद गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए नामीबिया को 93 रन से हरा दिया।

सबसे चर्चित मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ कोलंबो में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 175 रन बनाए। इस मैच में ईशान किशन ने 40 गेंदों पर तेज 77 रन की पारी खेली, जिसने टीम की जीत की नींव रखी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 114 रन पर समेट दिया। भारत ने यह मैच 61 रन से जीता। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ रनों के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी जीत रही। इसी जीत के साथ सुपर 8 में भारत की जगह लगभग तय हो गई थी।

तीन मैचों में तीन जीत और अच्छा रन रेट होने के कारण भारत न केवल अगले दौर में पहुंचा है, बल्कि मजबूती के साथ आगे बढ़ा है। टीम का आत्मविश्वास ऊंचा है और अब उसकी नजर सुपर 8 में भी इसी प्रदर्शन को दोहराने पर होगी।

# एफआईएच मेंस प्रो लीग: होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने एफआईएच मेंस प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट राउंड के लिए 24 सदस्यीय वाली टीम घोषित कर दी है। ये राउंड 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में आयोजित होगा। टूर्नामेंट के इस स्टेज में भारत के साथ स्पेन और होस्ट देश ऑस्ट्रेलिया शामिल होगा। टूर्नामेंट के राउरकेला लेग में भारतीय टीम का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, लेकिन अब फैंस का ध्यान होबार्ट लेग पर है। 24 सदस्यीय भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ होनहार युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल हैं। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट हार्दिक सिंह को टीम का कप्तान चुना गया है। इस टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे होनहार युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया था। हालांकि, हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों की वजह से टीम का हिस्सा नहीं हैं।

भारतीय टीम में सूरज करकेरा और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार बतौर गोलकीपर नजर आएंगे। वहीं, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित डिफेंस को मजबूती देंगे।कप्तान हार्दिक सिंह, संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल मिडफील्ड को लीड करेंगे। यहां उनका साथ राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह देंगे। फॉरवर्ड लाइन की कमान मंदीप सिंह, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा जैसे जाने-माने स्टार संभालेंगे। अंगद बीर सिंह, जिन्होंने पिछले साल सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया था, अपने पहले इंटरनेशनल टूर के लिए भी वापस आ गए हैं।

इसके अलावा, उभरते हुए टैलेंट अरायजीत सिंह हुंडल और आदित्य अर्जुन लालागे अटैकिंग लाइनअप को पूरा करते हैं।एफआईएच मेंस प्रो लीग 2025-26 (होबार्ट लेग) के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीमः

**गोलकीपरः सूरज करकेरा और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार।**

डिफेंडरः अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी।मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णु कांत सिंह और राज कुमार पाल।

फॉरवर्डः अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, आदित्य अर्जुन लालगे, अंगद बीर सिंह और मनिंदर सिंह।

# न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा, कनाडा को 8 विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।फिलिप्स-रचिन के अर्धशतक 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 146 रन की साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 36 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। उन्होंने 3 कैच भी लिए। फिलिप्स को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, रचिन ने 39 बॉल पर नॉटआउट 59 रन की पारी खेली। कनाडा के लिए साद बिन जफर और दिलोन हेलिगर को 1-1 विकेट मिला।युवराज समरा का शतक कनाडा के लिए युवराज समरा ने शतक लगाया। उन्होंने 65 बॉल पर 110 रन बनाए। 19 साल के युवराज टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम थी, जिन्होंने 2014 में 22 साल 127 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में शतक लगाया था।

टीम के लिए युवराज के अलावा कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाए। युवराज और दिलप्रीत के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी, काइल जैमीसन और जिमी नीशम को 1-1 विकेट मिला।

# रणजी सेमीफाइनल में शमी का कहर, आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। 17 फरवरी को कल्याणी के बंगाल क्रिकेट एकेडमी मैदान में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मी की पहली पारी के दौरान आठ विकेट झटककर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, बंगाल की स्थिति खराब है जम्मू-कश्मीर को दूसरी पारी में जीतने के लिए 126 रन बनाने हैं।

**सेमीफाइनल में घातक स्पेल**

बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर शमी ने रफ्तार, सटीक लाइन-लेंथ और अनुभव का बेहतरीन नमूना पेश किया। पहली पारी के 59वें ओवर में उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज कनहैया वधावन को कैच आउट कर अपना पांचवां विकेट पूरा किया। इसके बाद उनका जोशीला जश्न साफ दिखा कि वह किस आत्मविश्वास में गेंदबाजी कर रहे हैं। मैच में कुल आठ विकेट लेकर शमी ने साबित किया कि घरेलू क्रिकेट में उनका फॉर्म लगातार निखर रहा है।35 वर्षीय शमी इस रणजी सीजन में अब तक सात मैचों में 38 विकेट ले चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज के खिलाफ भी उन्होंने 5/51 का बेहतरीन प्रदर्शन किया था। सिर्फ लाल गेंद ही नहीं, बल्कि विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने सात मैचों में 15 विकेट लिए और 6.09 की इकॉनमी से गेंदबाजी की।

शानदार प्रदर्शन के बावजूद शमी हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और 2026 टी20 विश्व कप की टीम में जगह नहीं बना सके। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से वह भारतीय टीम से बाहर हैं और बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो चुके हैं। हालांकि, मौजूदा फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा, खासकर तब जब 2026 में भारत के सामने बड़े टेस्ट मुकाबले हैं।

## व्यापार

# एआई मिशन का फोकस हाइप नहीं बल्कि असर और उत्पादन : एस कृष्णन



आउटकम्सः बिल्डिंग एआई दैड वर्क्स फॉ 'पीपल' के दौरान एस. कृष्णन ने कहा, 'हम कंप्यूट, मॉडल और डेटा केवल एक ही कारण से उपलब्ध करा रहे हैं- ताकि ऐसे एप्लिकेशन बनाए जा सकें जिनका वास्तविक असर हो। '

**नई दिल्ली।** भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में चर्चा केवल एल्गोरिदम तक सीमित नहीं रही है, बल्कि इसका केंद्र अब 'आउटकम' यानी परिणामों पर शिफ्ट हो गया है। एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन एक महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने साफ किया कि 'इंडिया एआई मिशन' को विविध जरूरतों और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए मॉडल किया गया है।

सचिव ने जोर देकर कहा कि एआई की सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उसकी चर्चा कितनी है, बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि वह नागरिकों के जीवन में कितना सुधार लाता है।

**कंप्यूट और डेटा का उद्देश्य वास्तविक समाधान**

सत्र 'फ्रॉम एल्गॉरिदम टू

उन्होंने सरकार के सामने आने वाली संरचनात्मक चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकारों के पास कभी भी पर्याप्त शिक्षक, डॉक्टर या न्यायाधीश नहीं होंगे। लेकिन यदि एआई उत्पादकता बढ़ा सकता है, तो सेवा की गुणवत्ता में नाटकीय सुधार संभव है।


**600 से अधिक स्टार्टअप्स और सेक्टोरल फोकस**

समिट के दौरान एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए, सचिव ने बताया कि एक्सपो में 600 से अधिक स्टार्टअप्स और कंपनियां भाग ले रही हैं। ये स्टार्टअप्स स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा और विनिर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जहां एआई का सबसे अधिक प्रभाव देखने को मिलेगा।

**विशेष बोले- सबूत और मूल्यांकन है जरूरी**

जे-पाल के ग्लोबल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इकबाल सिंह धालीवाल ने सत्र में 'सिल्वर बुलेट्स' (जादुई समाधान) के भ्रम से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'बिना कठोर मूल्यांकन के, हम उत्साह को प्रभाव समझने की गलती कर सकते हैं। हमें यह पूछने की जरूरत है कि एआई किसके लिए काम करता है।

# 100 अरब डॉलर से डेटा सेंटर बनाएगा अदाणी समूह, भारत में 250 अरब डॉलर का एआई इकोसिस्टम लक्ष्य




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित हाइपरस्केल, एआई-रेडी डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा-और-कंप्यूट पहल में से एक मानी जा रही है।

**150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद**

समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के अनुसार, इस पहल से सर्वर मैन्युफैक्चरिंग, क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहयोगी उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। इससे भारत में कुल 250 अरब डॉलर का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम तैयार हो सकता है।

**दुनिया इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन के दौर में प्रवेश कर रही है**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन के दौर में प्रवेश कर रही है, जो किसी भी औद्योगिक क्रांति से अधिक गहरी है, और जो देश ऊर्जा और कंप्यूट के संतुलन को साध लेंगे, वही अगले दशक की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व करने की अनूठी स्थिति में है।


उन्होंने बताया कि समूह अपने डेटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी के मौजूदा आधार पर आगे बढ़ते हुए भारत की तकनीकी संप्रभुता को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण पांच-स्तरीय एआई स्टैक विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। अडानी के अनुसार, भारत ढ्ढ युग में केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि निर्माता, निर्माता और निर्यातक की भूमिका निभाएगा।

**गूगल और माइक्रोसॉफ्ट की ली जाएगी मदद**

यह रोडमैप अदाणीकनेक्स के 2 गीगावाट राष्ट्रीय डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसे बढ़ाकर 5 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विस्तार के तहत गूगल के साथ विशाखापट्टनम में देश का सबसे बड़ा गीगावाट-स्केल एआई डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करने और माइक्रोसॉफ्ट के साथ हैदराबाद व पुणे में इसी तरह की सुविधाएं विकसित करने की साझेदारी की गई है।

समूह ने यह भी कहा कि वह भारत में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करने के लिए अन्य वैश्विक कंपनियों के साथ भी बातचीत कर रहा है, हालांकि विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। इसके अलावा, अदाणी समूह फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग को भी मजबूत कर रहा है, जिसके तहत हाई-परफॉर्मेंस एआई वर्कलोड और अगली पीढ़ी के डिजिटल कॉमर्स को सपोर्ट करने के लिए दूसरा एआई डेटा सेंटर विकसित किया जाएगा।

# एआई समिट में भीड़ और अव्यवस्था से डेलीगेट्स परेशान, घंटों कतार में खड़े रहे



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पहले दिन हुई अव्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार ने माफी मांगी है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 17 फरवरी को कहा कि समिट के पहले दिन उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ जुटी, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हुई। हम लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगते हैं।समिट के पहले दिन सोमवार को हजारों की संख्या में स्टार्टअप फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स और विदेशी डेलीगेट्स पहुंचे थे। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा के कारण एंट्री पॉइंट्स पर लंबी कतारें लग गई थीं। ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और डेलीगेट्स को घंटों इंतजार करना पड़ा।

**70 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे, भारी भीड़ से बिगड़े हालात**

समिट के दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा ढ्ढ समिट है। इवेंट के पहले दिन ही 70 हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचे हैं। अब इंतजाम ठीक हैं, लेकिन अगर कल किसी को परेशानी हुई तो हम उसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सुझावों के लिए तैयार है और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है।'वॉर रूम' एक ऐसा कंट्रोल सेंटर होता है जहां से पूरे वेन्यू की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है।

**फाउंडर का दावा- सुरक्षा घेरे के बीच चोरी हुए वियरेबल्स**

कई एग्जीबिटर्स ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले सुरक्षा जांच के नाम पर उन्हें उनके ही स्टॉल से बाहर कर दिया गया।

स्टार्टअप 'नियो सेपियन' के सीईओ धनंजय यादव ने आरोप लगाया कि सुरक्षा जांच के लिए जब उन्हें स्टॉल से बाहर भेजा गया, तब उनके कीमती एआई वियरेबल्स गायब हो गए।

# चांदी 8 हजार गिरी, 2.33 लाख पर आई सोना 2 हजार घटकर 1.51 लाख हुआ

नई दिल्ली। चांदी में 17 फरवरी को लगातार चौथे दिन गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 7,992 रुपए गिरकर ?2.33 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,242 रुपए सस्ता होकर ?1.51 लाख पर आ गया है।

**चार दिन में सोना ?6 हजार और चांदी 33 हजार सस्ती**

पिछले 4 कारोबारी दिन में चांदी ?33 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को ?3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी ?1.53 लाख सस्ती हो चुकी है।

सोना भी बीते 4 कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना ?24 हजार सस्ता हो चुका है।

2025 में सोना ?57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना ?76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया।

चांदी इस दौरान ?1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी ?86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन ?2.30 लाख प्रति किलो हो गई।



# प्रदेश में डीओआईटी का सर्वर डाउन, हॉस्पिटल ओपीडी-आईपीडी और नगरीय निकायों में काम ठप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रदेशभर में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डीओआईटी) द्वारा तैयार किया गया मुख्य सर्वर अचानक ठप हो गया, जिससे जयपुर सहित कई शहरों के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं प्रभावित हो गई। वहीं नगरीय निकायों में भी आम लोगों से जुड़े कामकाज राजकाज' सर्वर पर निर्भर थे, ठप हो गए।

जयपुर नगर निगम में भी आज जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाणपत्र जारी करने का काम पूरी तरह से बंद हो गया, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सवाई मानसिंह अस्पताल में आईएचएमएस सर्वर की खराबी के चलते ओपीडी पर्चियां बनाना और जांचों के बिल जनरेट करना असंभव हो गया।



सर्वर की धीमी गति से मरीजों और उनके परिजनों को एक-एक पर्ची के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। आईपीडी सेवाएं भी प्रभावित हुईं, मरीजों को भर्ती करने, डिस्चार्ज देने और अन्य प्रक्रियाएं भी धीमी हो गईं।

अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि पर्ची न बन पाने के कारण मरीजों को बिना पर्ची के ही डॉक्टरों के पास भेजा गया, ताकि उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सलाह मिल सके और इलाज में देरी न हो।

**जयपुर नगर निगम में रूका जन्म, मृत्यु रजिस्ट्रेशन का काम**

जयपुर नगर निगम में भी 'राजकाज' सर्वर और 'पहचान' पोर्टल के ठप होने से जन्म, मृत्यु और विवाह रजिस्ट्रेशन का काम सुबह से ही रुक गया।

नगर निगम के रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु विक्रम सिंह ने कहा कि दोपहर करीब 3 बजे तक सर्वर बंद रहने से काम प्रभावित रहा, लेकिन आवेदकों से ऑफलाइन फॉर्म भरवाकर जमा कर लिए गए। सर्वर शुरू होने के बाद इन ऑफलाइन आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करने का काम तेजी से शुरू करवा दिया गया।

## जैसलमेर में भारत-पाक बॉर्डर पर पकड़ा तेलंगाना का युवक

**जयपुर।** भारत-पाकिस्तान इंटरनेशन बॉर्डर से सटे जैसलमेर के म्याजलार क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेलंगाना का संदिग्ध युवक पकड़ा गया।प्रतिबंधित सीमावर्ती इलाके में घूमते मिले युवक को ग्रामीणों ने रोककर पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लोगों ने सीमा सुरक्षा बल के हवाले कर दिया। युवक के पास पासपोर्ट और आधार कार्ड बरामद हुआ है। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार (17 फरवरी) सुबह गुंजनगढ़ गांव के पास सीमाजन कल्याण समिति के सदस्य भोजराज सिंह गुंजनगढ़ और भाखर सिंह करड़ा ने एक अनजान युवक को खेतों और प्रतिबंधित रेतीले क्षेत्र में घूमते देखा।

युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर ग्रामीणों ने उसे रोका और पूछताछ की। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पोछीणा स्थित बीएसएफ चौकी को सूचना दी।

# किशनगढ़ में ट्रैफिक जाम के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास : गृह राज्यमंत्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा किशनगढ़ में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किये गए हैं। शहर में अजमेर विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा सर्वे करवाया है तथा ट्रैफिक मेनेजमेंट के लिए अधिक कार्मिकों की तैनाती की है। शहर के प्रमुख चौराहों पर लाइटें ठीक करवाई गई हैं। मार्बल एरिया में पलियावल रोड़ पर एक तरफा यातायात की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार मदनगंज के लिंक रोड़ पर बेरिकेड लगाकर कटों को बंद किया गया है तथा यहां के प्रमुख चौराहों पर चारों और 50 मीटर के दायरे में नो पार्किंग जोन विकसित किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आवश्यकता और बजट संसाधनों के आधार पर यहां



ट्रैफिक पुलिस थाना स्थापित करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा में 35 करोड़ रुपये की लागत से पाटन- किशनगढ़ वाया तिलोनिया सड़क निर्माण की घोषणा की गई है।

गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक विकास चौधरी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि एशिया की बड़ी मार्बल मण्डी होने के कारण किशनगढ़ में यातायात का दबाव रहता है। इसके अलावा जयपुर से अजमेर, भीलवाड़ा और ब्यावर तक का रूट यहां से जाने के कारण बाहरी वाहनों का भी आवागमन बना रहता है।बेढ़म ने कहा कि ट्रैफिक मेनेजमेंट एवं सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर नवाचार किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा समय समय पर सर्वे करवाकर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। प्रदेश भर में कनेक्टिविटी के लिए बाइपास एवं हाइवे निर्माण के कार्य किये जा रहे हैं। ट्रक ड्राइवरों के आराम के लिए हाइवे पर अपना घर नाम से विश्राम गृहों की सुविधा शुरू की गई है। इससे नींद के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसी प्रकार हाइवे पर कैमरे भी स्थापित किये जा रहे हैं।



# जयपुर पहुंचे कश्मीर से कन्याकुमारी तक के राइडर्स, मिट्टी के ट्रेक पर 48 राइडर्स ने दौड़ाई बाइक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नायला में आयोजित जॉन सिंह स्पीड फेस्टिवल ने दो दिनों तक रफ्तार, रोमांच और साहस का अद्भुत संगम पेश किया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक के राइडर्स ने इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिस्सा लिया।

'फादर ऑफ इंडियन ऑफ-रोड मोटरसाइकिल रेसिंग' कहे जाने वाले जॉन सिंह की जयंती के अवसर पर जयपुर मोटरसाइकिल क्लब ने 'मोटरेक्स' और 'बिग बैड बाइक्स' के सहयोग से इस दो दिवसीय स्पीड फेस्टिवल का आयोजन किया। तीन रेसिंग श्रेणियों में कुल 48 राइडर्स ने ट्रैक पर अपनी प्रतिभा और हिम्मत का प्रदर्शन किया। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपनी फैक्ट्री टीम मैदान में उतारी।

सुबह की डर्ट ट्रैक रेस में फॉरेन क्लास में धृतिमान सिंह ने दोनों मोटो जीतकर अपना दबदबा कायम किया। हीरो टीम के करण कुमार ने कड़ी टक्कर देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि गोवा के योश्वा लोबो तीसरे स्थान पर रहे।

इंडियन एक्सपर्ट क्लास में करण कुमार और काथिरोल सेंथिलकुमार के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें करण विजयी रहे। जयपुर के अनुभवी राइडर रॉकेट चाचा एम. सईद ने अपने अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।

नोविस क्लास में काथिरोल का दबदबा रहा। रोहित चौहान और अभय सिंह आछरोल के बीच दूसरे और तीसरे स्थान के लिए जबरदस्त संघर्ष हुआ, जिसमें रोहित ने बढ़त बनाई।

**हवा में उड़ती बाइकें, व्हील-टू-व्हील जंग**

दोपहर के मोटोक्रॉस में ट्रैक और भी चुनौतीपूर्ण हो गया। फॉरेन क्लास में धृतिमान सिंह ने फिर से जीत दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। दूसरे और तीसरे स्थान के लिए हीरो टीम के राइडर्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें काथिरोल ने करण को पीछे छोड़ दिया।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025: टॉप-3 में जगह बनाने को एक्शन मोड में नगर निगम जयपुर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगर निगम की टीम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में टॉप 3 में आने के लिए लगातार एक्शन मोड में कार्य कर रही है। मंगलवार को नगर निगम की पूरी टीम फील्ड पर उतरी। सभी वार्ड ह्लढ्ढष्ट ने आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी ह्लढ्ढष्ट ने सफाई कर्मचारियों की हाज़िरी, मुख्य मार्गों पर कचरा पात्र की स्थिति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का फीडबैक, सफाई कर्मचारी प्रोपर यूनिफॉर्म में है या नहीं, कचरा डिपो की स्थिति, अवैध हॉर्डिंग-बैनर-पोस्टर, सी एंड डी वेस्ट, सार्वजनिक शौचालय की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

आयुक्त ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखना हमारे लिए प्राथमिक कार्य है। तकनीक का उपयोग, प्रभावी मॉनिटरिंग, आमजन को समझाइश, धरातल पर सफाई, जन भागीदारी और जन जागरूकता से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा। सभी जोन उपायुक्तों को भी सुबह फील्ड में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत सभी जोन उपायुक्तों द्वारा फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर मंगलवार को वार्ड ह्लढ्ढष्ट सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था को परखने फील्ड पर उतरे। मौके पर जाकर स्वच्छता के विभिन्न मानकों को जाँचा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का आमजन से फीडबैक लिया। आमजन को गंदगी न फैलाने के लिए समझाइश की तथा मौके पर कैरिंग चार्ज भी वसूल किया।

# विधानसभा घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने पानी की बौछार की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विधानसभा घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं पर पुलिस ने पानी की बौछार की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

दरअसल, राजस्थान कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता 22 गोदाम स्थित सहकार भवन पर इकट्ठा हुए थे। यहां से रैली के रूप में निकले, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने कहा- प्रदर्शन में 12 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को चोट आई है। पुलिस ने आज बर्बरता पूर्वक हम पर वॉटर



कैनन का इस्तेमाल कर लाठियां बरसाई।

हम डरने वाले नहीं हैं। पुलिस गोलियां चलाएगी तो भी हम युवाओं की आवाज को उठाते रहेंगे।

इससे पहले 22 गोदाम पर सभा के दौरान पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल रहे। मंच पर डोटासरा ने गमछा लहराकर डांस भी किया।

# डोटासरा के 'डुप्लिकेट' बोले- घर से नहीं निकल पा रहा, लोग बोलते- साहब आ गए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के डुप्लिकेट नरेश सिंधी इन दिनों चर्चा में हैं। सीकर पहुंचे नरेश सिंधी से उन्होंने बताया कि रील वायरल होने के बाद से घर से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं। जहां जाता हूं लोग फोटो खिंचवाने आ जाते हैं। बोलते हैं कि साहब आ गए हैं। दरअसल, एक शादी में खाना खाते हुए मेडिकल रिप्रजेंटेटिव नरेश सिंधी की रील वायरल हो गई। लोग उन्हें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समझने लगे। नरेश सिंधी की उस रील को अब तक 22 लाख लोग देख चुके हैं।



**डोटासरा से मिलने के लिए जयपुर पहुंचे**

अब नरेश सिंधी को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिलने के लिए जयपुर पहुंचे। लाडनूं से जयपुर जाते समय नरेश सिंधी कुछ देर सीकर में कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट गोविंद पटेल के ऑफिस रूके। यहां लोगों ने उन्हें देखा तो लगा गोविंद सिंह डोटासरा भी आ गए।

# मुख्यमंत्री ने किया शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पुष्कर में होने वाले शत (100) गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन किया। यह महायज्ञ प्रखर जी महाराज के सान्निध्य में ब्रह्मतीर्थ पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रैल तक होगा जिसमें 2000 संध्या वंदनकर्ता पंडितों की ओर से 27 करोड़ गायत्री मंत्र जाप किए जाएंगे। इस 200 कुंडीय महायज्ञ में 3 करोड़ मंत्रों की आहुति दी जाएगी । मुख्यमंत्री से पोस्टर विमोचन कराने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में परमेश्वर शर्मा, पवन पारीक, मुकेश काका, प्यारेलाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा एवं रमेश शर्मा मावावाले शामिल थे।

# हिंडौन के जिला अस्पताल में मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़

## नि :शुल्क दवा योजना के काउंटर से मरीज को दे दी अवधिपार दवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**हिंडौन** सिटी। हिंडौन के जिला अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिला अस्पताल के मुख्यमंत्री दवा काउंटर से सात माह पहले अवधिपार हुई दवाइयों का वितरण मरीजों को किए जाने का खुलासा हुआ है। इससे अस्पताल प्रबंधन की बडी लापरवाही सामने आई है। खास बात यह है कि जिला अस्पताल प्रबंधन की इस बडी लापरवाही को छिपाने का यह कहकर प्रयास किया जा रहा है कि साधारण मामला है, जांच करा ली जाएगी।

दरअसल हिंडौन के कृष्णा कॉलोनी की निवासी महिला चंचल शर्मा मंगलवार को नाक में खुजली और सिर दर्द होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल गई थी। महिला चंचल शर्मा ने बताया कि उसने पहले अस्पताल के काउंटर से पर्ची ली और उस पर्ची को लेकर जिला अस्पताल के 15 नंबर कक्ष में बैठने वाले संबंधित डॉक्टर को अपनी परेशानी से अवगत कराया।

इस पर डॉक्टर ने उस पर्ची पर जिला अस्पताल के मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के काउंटर से मिलने वाली दवाएं लिख दी। वह मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के काउंटर पर पहुंची तो उसे काउंटर पर बैठे प्रतिनिधि ने डॉक्टर के लिखे अनुसार दवाइयां दे दी। वह उन दवाइयों को लेकर अपने घर पहुंची और एक खुराक का उपयोग किया। खुराक का उपयोग करने के कुछ देर बाद ही उसकी नाक में खुजली तेज हो गई और चक्कर आने लगे। बाद में उसने जिला अस्पताल के निशुल्क दवा योजना के काउंटर से मिली दवाइयों की तारीख देखी तो एक नेजल ड्रॉप जायलो मेटाजोलिन पर अंतिम उपयोग तिथि जुलाई 2025 दिखाई दी। वह जिला अस्पताल के निशुल्क दवा योजना के काउंटर से मिली दवाइयों को लेकर पुनः डॉक्टर के पास पहुंची तो नाक में डालने वाली ड्रॉप जायलो मेटाजोलिन को अवधिपार पाया गया। बाद में डॉक्टर ने उसे रिएक्शन रोकने वाली दवाई लेने के लिए परामर्श दिया। इस बारे में महिला चंचल शर्मा ने पीएमओ डॉ. पुष्पेन्द्र गुप्ता को शिकायत करते हुए दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

**जिला अस्पताल से दी गई अवधिपार दवाई**

राजकीय जिला अस्पताल के निशुल्क दवा योजना के काउंटर से महिला चंचल शर्मा को नेजल ड्राप जाइलो मेटाजोलिन के साथ टेबलेट डाईक्लोपारा, सिपेक्सिम, और कैप्सूल ओमेप्राजोल दिए गए थे। इनमें से तबियत बिगड़ने पर नेजल ड्राप जायलो मेटाजोलिन अवधि पार पाई गई।

**अवधिपार ड्राप के उपयोग से एलर्जी**

अवधिपार नेजल ड्रॉप जायलो मेटाजोलिन का उपयोग किया जाता है तो उसके उपयोग से मरीज को एलर्जी होने की अधिक संभावना रहती है। इससे नाक में सूजन और ज्यादा उपयोग से चेहरे पर लाल चकत्ते भी पड सकते हैं।

- डॉ. मनीष अग्रवाल नाक, कान, गला रोग विषेषज्ञ। मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के काउंटर से मरीज को अवधिपार नेजल ड्रॉप जायलो मेटाजोलिन दिए जाने का मामला सामने आया है। जो ड्रॉप दी गई वह जुलाई 2025 में ही अवधि पार हो गई थी। इस अवधिपार ड्रॉप को अभी तक निशुल्क दवा योजना के काउंटर से क्यों नहीं हटाया गया और उसका अभी भी मरीजों को क्यों वितरण किया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# विधानसभा क्षेत्र महुआ की निर्माणाधीन सड़कों का कार्य आगामी 30 जून तक होगा पूरा : दिया कुमारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए निरंतर सड़कों के विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र महुआ की निर्माणाधीन 22 सड़कों के कार्यों को आगामी 30 जून तक पूर्ण कर दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रश्नकाल के दौरान सदस्य राजेन्द्र द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सड़कों पर पैच रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र महुआ में वर्तमान में चार सड़कें पैचेबल स्थिति में हैं, जिनका पैच रिपेयर का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महुआ में 68 नवीन



सड़कों के कार्य स?वीकृत किए गए थे, इनमें से 30 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 35 कार्य प्रगतिरत हैं। इससे पहले विधायक राजेन्द्र के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महवा में वर्ष 2023 से वर्ष 2025 तक 68 नवीन सड़कों का निर्माण कार्य स?वीकृत किया गया है। कुमारी ने बताया कि इन कार्यों में से 1 कार्य निरस?त किया गया है एवं 2 कार्य अति महत?वपूर्ण नहीं होने के कारण शुरू नहीं किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन 2 कार्यों की पुनः स?वीकृति जारी करना कार्यों की पारस?परिक प्राथमिता पर निर्भर करता है। उन्होंने इन कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत जयपुर में जोन-स्तरीय शिविर आयोजित होंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि यानी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जोन-स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य नए आवेदन पत्र भरवाना, बैंकों में लंबित आवेदनों का निस्तारण कर ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करना है। नगर निगम के अनुसार, ये शिविर जयपुर शहर के विभिन्न जोनों में निर्धारित तिथियों पर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक पात्र रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल सके।

# गीता दर्शन: ओशो के सूत्र

**एसकेमंगल**



ओशो की सर्वाधिक विस्तृत और गहन प्रवचनमाला 'गीता दर्शन' है। लगभग 350 घंटों में दिए गए 219 व्याख्यानों में उन्होंने श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद को केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि चेतना के विज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया। इन प्रवचनों का सार स्वामी शैलेंद्र सरस्वती और मां अमृत प्रिया जी ने दस सूत्रों में संक्षेपित किया है। यह दस सूत्र गीता को जीवन में उतारने का आमंत्रण हैं। कर्म में रहो, पर कर्म तुममें न रहे। अज्ञानी व्यक्ति फल की आसक्ति से कर्म करता है; ज्ञानी भी कर्म करता है, परंतु जनकल्याण की भावना से, बिना किसी निजी आग्रह के। अनासक्ति पलायन नहीं, बल्कि भीतरी स्वतंत्रता है—जहाँ कर्म होता है, किंतु कर्ता का अहंकार नहीं। जब जीवन यज्ञ बन जाता है, तब उसका फल ज्ञानामृत होता है। इस अमृत का आस्वादन करने वाला योगी सनातन परब्रह्म की अनुभूति करता है। यह कोई भविष्य का स्वर्ग नहीं, बल्कि वर्तमान में जाग्रत चेतना की दशा है।

कर्म क्या है और अकर्म क्या है—इस प्रश्न में बुद्धिमान भी उलझ जाते हैं। ओशो कहते हैं, जब भीतर कर्ता लुप्त हो जाए, तब कर्म भी अकर्म हो जाता है। इसी बोध से मनुष्य संसार-बंधन से मुक्त होता है। 'जो मुझे जैसे भजते हैं, मैं उन्हें वैसे ही भजता हूँ।' अस्तित्व दर्पण है। तुम जैसा दृष्टिकोण लेकर आते हो, वैसा ही प्रत्युत्तर पाते हो। यह आध्यात्मिक मनोविज्ञान का गूढ़ सिद्धांत है।

ईश्वर केवल सृष्टा नहीं, धारण करने वाला, पिता, माता और पितामह भी है। जानने योग्य पवित्र ओंकार—ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद—उसी की अभिव्यक्तियाँ हैं। ओंकार ध्वनि नहीं, अस्तित्व की मूल तरंग है। कर्मयोग पलायन नहीं सिखाता। अनासक्त होकर कर्म करना ही श्रेष्ठ है। जीवन से भागना संन्यास नहीं; जीवन के बीच जाग जाना ही सच्चा संन्यास है। दूसरे का धर्म चाहे कितना भी सुसज्जित क्यों न लगे, वह उधार है। अपना धर्म—यदि अपूर्ण हो—अधिक श्रेष्ठ है। अपने स्वभाव के अनुसार जीना ही स्वधर्म है। अपने सत्य में जीते हुए मृत्यु भी कल्याणकारी है।



## सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिवस मंगलवार को मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर व सरस्वती वंदना के साथ षिविर का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने दूसरे दिवस की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सीमा पंत ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आप पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्थान एवं परिवर्तन, राष्ट्रीय सेवा और नैतिक मूल्यों के विकास में अहम भूमिका निभा सकेंगे। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता दंत चिकित्सक डॉ. स्वाति यादव ने युवा एवं स्वास्थ्य के आयाम विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य रूप से ओरल हेल्थ पर विस्तार से प्रकाश डाला। दांतों के संक्रमण, मसूड़े के संक्रमण और मुंह के कैंसर के बारे में सभी को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण एवं विकास में सकारात्मक योगदान दे सकती है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी बतायें। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीशराम मीणा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चन्दन सिंघल ने तकनीकी सहयोग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने आभार व्यक्त किया।

## संघ समाज को हर प्रकार से स्वावलम्बी व जागरूक बनाने के लिये कार्य कर रहा हैं - बुद्धिप्रकाश

### प्रताप बस्ती में धूमधाम व हर्षोल्लास से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कस्बे के टेलिफोन एक्सचेंज रोड़ आदर्श नगर स्थित भैरू मंदिर प्रताप बस्ती में मंगलवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से किया गया। सम्मेलन में लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर व मुख्य चैराहा स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर से दो ध्वज यात्रायें पहुंची। इस दौरान बौद्धिक वर्ग को सम्बोधित करते हुये आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बुद्धिप्रकाश ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि संघ ना केवल हिन्दूओं को संगठित बल्कि समाज को हर प्रकार से स्वावलम्बी व जागरूक बनाने के लिये कार्य कर रहा हैं। जिसके तहत स्वदेशी को अपनाने, प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, विभिन्न समाजों में सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। प्रत्येक हिन्दू आपस में भाई हैं, कोई भी हिन्दू समाज में पतित नहीं हैं, हिन्दूओं की रक्षा ही हमारा कर्तव्य व समानता का मंत्र हैं। इसी क्रम में हिन्दू जागरण की दिशा को नई उर्जा व चेतना प्रदान करने के लिये सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन धर्म, संस्कृति व सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

उन्होंने आने वाले समय की कई गतिविधियों पर भी विस्तार से प्रकाष डाला। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने देश व दुनिया में कार्य कर रहे हिन्दूओं को एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि देश व विदेश में बसे हिन्दू व्यापारी भी समाज को एकजुट करने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। हिन्दू धर्म व सनातन संस्कृति पुरी दुनिया की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक हैं। श्रीराम मंदिर लक्ष्मी नगर के महंत रामबचनदास जी महाराज, भैंरू मंदिर महंत रामसिंह भगतजी, गुम का जोहड़ा महंत निरंजन दास महाराज ने आशीर्वचन कहे।

भाजपा नेता व पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने कहा कि वर्तमान की चुनौतियों से निपटने के लिये हिन्दू समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुटता के सूत्र में पिरोकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे समाज में एकता, समरसता व भाईचारा स्थापित हो एवं हिन्दू समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम दरबार व भारत माता के चित्र पर मार्ल्यापण व द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस मौके पर प्रभात स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों व भामाशाहों का माला, दुपट्टा व रामलला का चित्र भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का समापन श्री हनुमान चालीसा के वाचन के साथ हुआ। वहीं इस मौके पर प्रसादी का वितरण भी किया गया।

## बहरामकाबास में अस्पताल निर्माण में घटिया सामग्री मिली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर के रामपुर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूर्ण रहीसा ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बहरामकाबास में निर्माणाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग पाया गया। डॉ. रहीसा ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत करने की बात कही।

ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब मिली-निरीक्षण के दौरान, निर्माणाधीन आरोग्य मंदिर में इस्तेमाल की जा रही ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई। डॉ. रहीसा ने स्पष्ट किया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे हैं, और ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा।

कार्य की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश-उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित कर्मचारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी दौरा-डॉ. रहीसा ने पलसानिया की ढाणी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी दौरा किया।

यहां उन्होंने स्टेट असेसमेंट की तैयारियों का जायजा लिया और साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण और आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाएगी।



## नारायणपुर में वकीलों की हड़ताल सातवें दिन भी जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** नारायणपुर में सिविल कोर्ट और न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय खोलने की मांग को लेकर अभिभाषकों की पेन डाउन हड़ताल लगातार सातवें दिन भी जारी रही। अभिभाषक संघ ने कहा कि जब तक सरकार नारायणपुर में सिविल कोर्ट एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय खोलने की औपचारिक घोषणा नहीं करती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वकील पिछले बुधवार से न्यायालयीन कार्य नहीं कर रहे। इस हड़ताल के कारण न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे पक्षकारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वकीलों का तर्क है कि नारायणपुर क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या और लंबित मामलों की संख्या को देखते हुए यहां सिविल कोर्ट और न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय की शुरू करना आवश्यक है। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है। प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस आश्वासन न मिलने से वकीलों में रोष व्याप्त है।

## ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के संबंध में आदेश जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जिले में विभिन्न अवसरों यथा धार्मिक कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों, विवाह समारोहों, जुलूसों, मे डीजे/लाउडस्पीकरों के अनियंत्रित उपयोग, पटाखों एवं अन्य ध्वनि स्त्रोतों के कारण ध्वनि प्रदूषण हो रहा हैं, जिससे आमजन के स्वास्थ्य, शांति एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण एवं विनियमन) नियम, 2000 तथा माननीय न्यायालयों द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से जारी करने के निर्देश दिए।

रात्रिकालीन प्रतिबंधः रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डीजे, साउंड सिस्टम अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, सिवाय विधि द्वारा अनुमत विशेष परिस्थितियों के, अनुमति अनिवार्य-किसी भी सार्वजनिक, निजी कार्यक्रम में लाउडस्पीकर, डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग संबंधित उपखंड अधिकारी, अनुमत प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। ध्वनि सीमा का पालन-सभी आयोजनों में निर्धारित ध्वनि सीमा (डेसीबल लिमिट) का पालन अनिवार्य होगा। आवासीय क्षेत्र, विद्यालय, अस्पताल, न्यायालय एवं साइलेंस जोन में किसी भी प्रकार का शोर नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। डीजे एवं साउंड सिस्टम पर नियंत्रण-डीजे एवं उच्च ध्वनि उत्पन्न करने वाले साउंड सिस्टम का उपयोग केवल निर्धारित समय एवं शर्तों के अंतर्गत ही किया जाएगा।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया नगर परिषद कार्यालय कोटपूतली का निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद कोटपूतली ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

पहचान पोर्टल के बारे में जागरूक करने के दिए निर्देश- अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहारण ने इस दौरान आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के पहचान पोर्टल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में लाइव डेमो के माध्यम से जानकारी लेकर आमजन को इसके बारे में अधिकाधिक जागरूक करने को कहा जिससे कि आमजन को इस सुविधा का लाभ मिल सके और कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने बताया कि राज्य में जन्म-मृत्यु एवं विवाह के पंजीकरण, पहचान पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे है। राज्य के सभी रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार इस पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर, डिजीटल हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जारी कर रहे है।

इसके अतिरिक्त प्रमुख निजी चिकित्सालय भी जन्म-मृत्यु की घटनाओ की पहचान पोर्टल पर ही ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर रहे है। राज्य मे पंजीकरण से जुड़े सभी कार्य जैसे पंजीकरण मे संशोधन एवं भाषा परिवर्तन, गोद लिये बच्चे का पंजीकरण, जुड़वा बच्चे का पंजीकरण आदि पोर्टल द्वारा ही संपन्न किये जाते है। उन्होंने बताया कि आमजन पोर्टल पर या ई-मित्र कियोस्क पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पहचान एन्डराइड एवं आईओएस मोबाइल एप भी आमजन की सहायतार्थ उपलब्ध है। प्रमाण-पत्र ऑनलाइन ही पोर्टल या मोबाइल एप से डॉउनलोड किये जा सकते है एवं प्रमाण-पत्र डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली।जिला कांग्रेस कमेटी कोटपूतली-बहरोड़ के अध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर (माली, सैनी, कुशवाह, सुमन, भोई, मौर्य आदि समाज) की आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। प्रेषित ज्ञापन में आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी द्वारा समाज की विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के समक्ष निवेदन किया गया है। प्रमुख मांगों में समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को देवनारायण बोर्ड की तर्ज पर वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार देना तथा बोर्ड में पदाधिकारियों की शीघ्र नियुक्ति करना शामिल है। इसके अतिरिक्त संत श्री लिखमीदास जी महाराज की जन्मस्थली नागौर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने, आंदोलन के दौरान युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, बागवानी विकास बोर्ड का गठन करने, आदि मांग की गई है।



## पाटन में कठपुतली, नुक्कड़ नाटक से साक्षरता संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** पाटन ब्लॉक के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल धांधेला में मंगलवार को श्उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रमश् के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल डुकिया के निर्देशन में हुए इस आयोजन में 15 साल से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता का संदेश दिया गया। ब्लॉक समन्वयक साक्षरता शिम्भु दयाल स्वामी ने बताया कि इस कार्यक्रम में कठपुतली कला और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बुनियादी, चुनावी, वित्तीय साक्षरता, क्रिटिकल जीवन कौशल और मातृ-शिशु देखभाल संबंधी साक्षरता कौशल प्राप्त करने पर जोर दिया गया। कठपुतली दल खुड छोटी के कलाकारों ने पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, धूम्रपान के दुष्प्रभाव और जल संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश मीणा, ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति अशोक कुमार यादव, प्रधानाचार्य महिपाल सिंह, साक्षरता प्रभारी रामपाल यादव धाँधेला, द्वारका प्रसाद, लेखराज रायपुर पाटन, व्याख्याता पूनम यादव, मनीषा गुर्जर, पूजा मीणा, संतलाल जांगिड़ और अध्यापक सुंडाराम वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामवासी, महिलाएँ और बच्चे उपस्थित रहे।

## अवैध गार्नेट ठिकानों पर दबिश 10 ट्रेक्टर 10 सेपरेटर मशीने ज़ब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कोटडी। भीलवाड़ा कोटड़ी थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा डी एस टी टीम एंव कोटड़ी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध गार्नेट ठिकानों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई जिसे गार्नेट माफियाओं में हड़कंप मच गया कोटडी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के हरपुरा एंव रीठ के जंगलों में दबिश देकर 10 ट्रेक्टर एवं दस सेपरेटर मशीने ज़ब्त की गई थाना क्षेत्र में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार आर्य कोटडी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार सांवरिया एंव भीलवाड़ा डी एस टी टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधव उपाध्याय के नेतृत्व में देर रात दोनों गांवों के जंगलों में अवैध रूप से चल रहे गार्नेट के ठिकानों पर कार्रवाई की गई तथा लगातार क्षेत्र में हो रही कार्रवाई ने गार्नेट माफियाओं की कमर तोड दी तथा क्षेत्र में हो रही लगातार कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मच रहा है तथा पुलिस ने जब्त साधनों को थाने में लाकर खड़ा कर माइनिंग विभाग को सुचना दी तथा पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया

## कछुआ बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

कोटपूतली। पाटन पुलिस ने कछुआ बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे 5000 रुपए के इनामी आरोपी मामराज बावरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार था। पाटन थानाधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया कि यह मामला 12 मार्च 2021 को किशोरी लाल पुत्र रामचंद्र निवासी कक्कड़ का तिबारा, दरीबा की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया था। मनोज कुमार और दिनेश कुमार रैगर को कृष्ण कुमार बावरिया ने बिजली फिटिंग के काम के लिए अपने घर बुलाया था। काम के दौरान मनोज और दिनेश की कृष्ण बावरिया से जान-पहचान हो गई। कृष्ण ने उन्हें बड़े रुपए कमाने के सपने दिखाए और अपनी लग्जरी गाड़ियां (बोलेरो, ब्रेजा और एक ट्रैक्टर) दिखाकर प्रभावित किया। 3 अप्रैल 2021 को कृष्ण बावरिया ने मनोज को फोन कर बताया कि दौसा की एक पार्टी के पास माल है। उसने मनोज और दिनेश को पावटा बुलाया और कछुए सस्ते में खरीदकर महंगे दामों में बेचने का झांसा दिया। इस तरह उसने दोनों से चार लाख बीस हजार रुपए ठग लिए। इस धोखाधड़ी के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पूर्व में आरोपी कृष्ण बावरिया और धोलुराम बावरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। हालांकि, मामराज बावरिया घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। सीकर पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी मामराज बावरिया पर 5000 रुपए का इनाम घोषित किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद संभावित स्थानों पर तलाश की गई एवं साइबर सेल के सहयोग से कॉल डिटेल रिकॉर्ड प्राप्त कर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मौज-मस्ती और महंगी लग्जरी गाड़ियां रखने का शौक पूरा करने के लिए लोगों के साथ धोखाधडी करते थे। पुलिस अब आरोपी मामराज बावरिया से अन्य घटनाओं के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

## सैनी सभा संस्था कोटपूतली ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** सैनी सभा संस्था कोटपूतली द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन अब तक सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सैनी समाज कोटपूतली के अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने बताया कि समाज की 11 सूत्रीय मांगें काफी समय से सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं, परंतु अभी तक उनका समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसी क्रम में समाज द्वारा 25 फरवरी को जयपुर स्थित विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान समाज के अधिक से अधिक लोग एकत्रित होकर सरकार के समक्ष अपनी मांगें मजबूती से रखेंगे। कार्यक्रम में समाज के सचिव योगेश कुमार सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले अध्यक्ष जगदीश खेमजी, नत्थू सैनी, धर्मवीर ठेकेदार, दयाराम सैनी, रामावतार सैनी, श्यामलाल सैनी, महेश, बिल्लू, रोहतास सैनी, एड. विजय सैनी सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार से शीघ्र मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है।



## राजपाल सिंह भाटी को मिला बेस्ट ट्रैफिक पुलिस अवॉर्ड

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजधानी जयपुर स्थित पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को बेस्ट ट्रैफिक पुलिस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान जयपुर के ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत राजपाल सिंह भाटी को दिया गया, जो ग्राम दांतिल के रहने वाले हैं। वे अपनी निष्ठा, समर्पण व जयपुर की सड़कों को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने की प्रतिबद्धता के लिये जाने जाते हैं। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उन्हें प्रशंषा पत्र व पदक प्रदान किया, जो उनके उत्कृष्ट ट्रैफिक प्रबंधन और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने उनके कार्य की सराहना की। राजपाल सिंह भाटी की मेहनत और समर्पण ने ना केवल ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित किया है, बल्कि एक सुरक्षित और बेहतर जयपुर के निर्माण में उनका योगदान अमूल्य है।

## पैगाम-ए-मोहब्बत कार्यक्रम : अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष मुनानुद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लिया भाग



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा राजधानी जयपुर स्थित बिरला सभागार में पैगाम-ए-मोहब्बत (सद्भावना सम्मेलन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोटपूतली से अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष मुनानुद्दीन कुरैषी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जयपुर कूच किया। सम्मेलन में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेष प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अषोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोषी, एआईसीसी महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह, कांग्रेस नेता हरिष चैधरी, प्रदेष सह प्रभारी चिरंजीवी राव, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेषाध्यक्ष एमडी चैपदार सहित बड़ी संख्या में नेतागण मौजूद रहें। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को देष की वर्तमान स्थिति पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेष दिया। कोटपूतली से जयपुर जाते वक्त कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कुरैषी ने कहा कि देष भर में जिस तरह का माहौल बन गया हैं एवं भाजपा द्वारा लगातार भय व नफरत का वातावरण बनाया जा रहा हैं। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार बनने के बाद से ही धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिसके विरोध में राहुल गांधी निरन्तर संघर्ष कर रहे हैं। यही नहीं राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही यहां का विकास चैपट हो गया हैं। भजनलाल सरकार ने विकास कार्यो की ओर ध्यान देने के बजाय अल्पसंख्यक विभाग को निषाना बनाना शुरू कर दिया हैं। यह सरकार धुर्वीकरण की राजनीति करने के लिये विभिन्न कानून लाकर अल्पसंख्यकों विषेष तौर पर मुसलमानों को निषाना बना रही हैं। प्रदेष में डिस्टर्ब एरिया बिल लाया जा रहा हैं। जिसमें मुसलमानों को निषाना बनकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र को डिस्टर्ब एरिया घोषित किया जायेगा।



## आवारा एवं निराश्रित गौवंश को गौशाला में छोड़ा जाए

### श्री जगन्नाथ गौशाला समिति की अपील

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** श्री जगन्नाथ गोशाला समिति, पुरुषोतमपुरा की ओर से सभी पुलिस थानों एवं गोरक्षकों से अपील की गई है कि जो भी आवारा, निराश्रित अथवा गौ-तस्करों द्वारा अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश को पकड़ा जाए, उन्हें श्री जगन्नाथ गौशाला, पुरुषोतमपुरा में छोड़ा जाए। समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि गोशाला अनाथ एवं निराश्रित गौवंश की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोशाला में केवल गाय एवं बछड़े (बछिया) ही छोड़े जाएं। नंदी (सांड) को न छोड़ा जाए, क्योंकि गोशाला में पहले से पर्याप्त संख्या में नंदी मौजूद हैं,

जिससे गायों और बछड़ों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। समिति ने अनुरोध किया है कि जब भी कोई आवारा गाय या बछिया पकड़ी जाए, तो संबंधित पुलिस थाना प्रभारी द्वारा पत्र लिखकर विधिवत रूप से गौवंश को श्री जगन्नाथ गौशाला, पुरुषोतमपुरा में सुपुर्द किया जाए।



धौलपुर...तालाब के पास बसे घर

# रिहाईशी इलाके के पास मगरमच्छ देखे जाने से लोगों में डर



धौलपुर...100 फुटा रोड के पास स्थित पानी के बाहर मगरच्छ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मचकुण्ड रोड स्थित 100 फुटा सड़क के दोनो ओर गढ्डों में भरे पानी में दो मगरमच्छ देखे गए हैं स्थानीय लोगों के अनुसार गढ्डों में भरे पानी में करीब 6 फुट दो मगर रहते हैं पानी के आपसपास हमारे बच्चे भी खेलते रहते हैं, हर समय खतरा बना रहता है कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई बता दें कि अब्दाल शाह तीर्थराज मचकुण्ड, माउंट ब्लू कॉलौनी, गुर्जर कॉलौनी सहित कई कॉलौनियां गढ्डे के आसपास हैं।

वहीं पूर्व विधायक अब्दुल सगीर खान एड. का निवास भी वहीं स्थित है। स्थानीय लोगों की माने तो कई बार मगर कॉलौनी के आस पास देखे गये है, किसी रोज कोई अनहोनी घटित ना हो जाये इसको लेकर उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इन मगरों को जल्द से जल्द रेसक्यू कर चंबल में छोड़ दिया जाये ताकि इस खतरे से लोगों को निजात मिल जाये।

मेरे नोटिस यह शिकायत कॉलौनीवासियों की आई है कि 100 फुटा रोड से लगे जो गढ्डे हैं जिसमें काफी समय से पानी भरा हुआ है उसमें दो मगर देखे गये हैं उन्होंने बताया कि वह स्वंय जाकर मगरों को देखा है उस गढ्डे से लगी हमारी कॉलौनी अब्दाल शाह तीर्थराज मचकुण्ड,माउंट ब्लू कॉलौनी, गुर्जर कॉलौनी सहित कई कॉलौनियों हैं और वहां के बच्चे पानी के आस - पास खेलते रहते हैं खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि कई बार उन्होंने विभाग को सूचना दी गई है मगर रेस्क्यू किया गया है मेरा वन विभाग से निवदेन है कि मगरमच्छों का रेस्क्यू कर चंबल में छुड़वा दिया जाये अन्यता किसी दिन कोई अप्रिय घटना गठित हो सकती है।

**पूर्व विधायक**
**अब्दुल सगीर एड.**

मुझे सुनकर ताज्जुब हो रहा है कि पास में रिहाईशी इलाका है मगरमच्छ एक जानवर ही तो है किसी के भी साथ अनहोनी हो सकती है इसलिए संबधित विभाग को उसका तुरन्त रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जगह छोड़ा जाये। छह-छह फुट के मगरमच्छ बताये जा रहे हैं अब तक उनका रेस्क्यू क्यों नहीं हुआ ताज्जुब की बात है।

**पूर्व सभापति**
**रीतेश शर्मा**

ज्यादा पानी होने के कारण मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में परेशानी हो रही है या तो पानी का लेवल कम होने पर रेस्क्यू हो सकेगा। फिर भी मैं लोगों से अपील करता हूं कि पानी से दूर रहें व अपने बच्चों को पानी से दूर रखे। अगर किसी को बाहर बैठा हुआ मगर दिखे तो हमें तुरन्त सूचना दें हम अपनी टीम भेजकर तुरन्त उसका रेस्क्यू करवायेगें।

**आशीष व्यास**
**उप वन सरंक्षक चंबल**
**घड़ियाल सेन्चुरी**

## हनुमान जयंती एवं देवछठ मचकुण्ड मेला का स्थानीय अवकाश घोषित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में कैलेंडर वर्ष 2026 ग्रेगोरियन ई. शक संवत 1947-48 के दौरान हनुमान जयंती 2 अप्रैल गुरुवार एवं देवछठ मचकुण्ड मेला 17 सितम्बर गुरुवार का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों का ऋण के लिए साक्षात्कार आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। अल्पसंख्यक समुदाय जैन, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी, मुस्लिम के आवेदकों के द्वारा सत्र 2025-26 में कारोबारी एवं शिक्षा ऋण के लिए जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में आवेदन किया है उनके जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा साक्षात्कार 18 फरवरी को दोपहर 1 बजे जिला परिषद सभागार बाड़ी रोड़ धौलपुर में लिए जाएगें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राखी शर्मा ने बताया कि सभी आवेदकों को उनके निवास स्थान पर डाक द्वारा सूचना भिजवा दी गई है फिर भी यदि किसी आवेदक को डाक द्वारा सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से साक्षात्कार की जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय आवेदक समस्त मूल दस्तावेज एवं पैन कार्ड आवश्यक रूप से उपस्थित हो। अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों का आवेदन निरस्त माना जाएगा।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर...नियमों का उल्लुघंन करने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस

**धौलपुर।** यातायात व्यवस्था सुधारने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक इंचार्ज बलविंदर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े करने, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों सहित अन्य सवारी वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस टीम ने कई वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की और नियमों का पालन न करने पर जुर्माना लगाया।

ट्रैफिक इंचार्ज बलविंदर सिंह ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, घंटाघर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अक्सर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम लग जाता है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है। उन्होंने जोर दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सिंह ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करें, ओवरलोडिंग से बचें और सभी आवश्यक दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अभियान के दौरान कई चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई और भविष्य के लिए चेतावनी जारी की गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे और नागरिकों को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

# अमावस्या के अवसर पर तीर्थराज मचकुंड पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिले में सोमवती अमावस्या के अवसर पर तीर्थराज मचकुंड पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इसी के साथ जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरित कर सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मचकुंड सरोवर में पवित्र स्नान के लिए पहुंचने लगे। उन्होंने आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और पितरों के मोक्ष की कामना की।

पितरों के मोक्ष की कामना की स्नान के उपरांत भक्तों ने सरोवर की परिक्रमा की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

जिला अस्पताल में भोजन के पैकेट बांटे वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल में मानवीय सेवा का कार्य देखा गया। अमावस्या भोजन कमेटी द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भोजन के पैकेट बांटे गए। कमेटी के सदस्य अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराते दिखे। इस पहल से दूर-दराज से आए मरीजों के परिजनों को बड़ी राहत मिली।

कमेटी के सदस्य मनीष कुमार सिंगला ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले लगभग 12 वर्षों से निरंतर जारी है। हर माह अमावस्या के दिन अस्पतालों में भोजन वितरण की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि कमेटी में 80 से अधिक सक्रिय सदस्य जुड़े हैं, जो भोजन तैयार करने से लेकर वितरण तक की पूरी जिम्मेदारी आपसी सहयोग से निभाते हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने इस सराहनीय पहल के लिए कमेटी का आभार व्यक्त किया। धार्मिक आस्था और सेवा भावना का यह संगम शहर में सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करता दिखा।

# वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की जयंती पर छुट्टी व आरक्षण की उठी मांग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर...छुट्टी की मांग को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए

**धौलपुर।** 15 फरवरी को वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आरक्षण सहित विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। शहर के एक निजी ढाबे पर आरक्षण समिति के जिला संयोजक पप्पू जाट ने प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जयंती समारोह भरतपुर में धूमधाम से मनाया गया।

पप्पू जाट ने मांग की कि महाराजा सूरजमल की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने केंद्र स्तर पर आरक्षण व्यवस्था में भरतपुर, धौलपुर और डीग जिलों को शामिल करने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि इन क्षेत्रों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

प्रेस वार्ता में सामाजिक चेतना विकास संस्थान के जिला संयोजक दीपक कैन ने कहा कि महाराजा सूरजमल के गौरवशाली इतिहास को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान और शौर्य गाथा से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों में उनका समुचित स्थान सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है।

समिति पदाधिकारियों ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी

# नाबालिग बच्ची का 11वें दिन तक नहीं लग पाया पता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा क्षेत्र के गांव में नाबालिक बच्ची को भगाकर ले जाने का मामला नाबालिक के परिजनौ द्वारा थाना राजाखेड़ा में 7 फरवरी 2026 को लिखित तेहरीर दीथी जिस पर राजाखेड़ा पुलिस द्वारा 9 फरवरी 2026 को मुकदमा नंबर 31/2026 दर्ज किया गया था जिसमें गांव के ही दो व्यक्तियों के नाम दर्ज लिखित तहरीरदी थी एवं तहरीर में बताया गया कि नाबालिक बच्ची को गांव के ही नाम दर्ज व्यक्ति 5 फरवरी 2026 की रात्रि को ले गए हैं जिस समय हमारा परिवार शादी में गया हुआ था बाहर नाबालिग बच्ची को ले जाते वक्त साथ में घर से सोने का कालर वजन साढे तीन तोला दो अंगूठी सोने की जनानी ढाई सौ ग्राम की चांदी की पायल एवं साढे चार सौ ग्राम की चांदी की करधनी एवं ओप्पो कंपनी का मोबाइल जिसमें जिओ की सिम पड़ी हुई है परिबारीजनों ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ अनहौनी घटना की भी आशंका जताई है परिजनों के द्वारा 16 फरवरी 2026 के एस पी धौलपुर के यहां भी एक प्रार्थना पत्र दिया गया है नाबालिक को दस्तयाब के लिए पुलिस अधीक्षक से भी गुहार लगाई है नाबालिक के परिजनों ने बताया कि बच्ची को ले जाने वाले आरोपियों के सभी परिजन जन घर छोड़कर गायब हैं नाबालिक बच्ची को शीघ्र पता लगाने की मांग की है

# जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है



धौलपुर..बैठक में निर्देश देते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

## प्रथम चरण के चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जनगणना के अन्तर्गत प्रथम चरण के मकान सूचीकरण तथा मकान गणना का कार्य के लिए चार्ज अधिकारी तहसीलदार एवं आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी के 16 एवं 17 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जनगणना कार्य निदेशालय से नियुक्त राज्य स्तरीय प्रशिक्षक विशाल गर्ग एवं हिमांशु गोयल द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल एचएलबी व एप्लीकेशन के उपयोग सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर ब्लॉक सीमा निर्धारण आंकड़ों के संकलन सत्यापन एवं डिजिटल एंट्री संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जिला कलक्टर द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की संभावना नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए अपना शत-प्रतिशत देकर कार्य करने के लिए कहा एवं आगामी फील्ड कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। प्रशिक्षण में उपजिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग राजेश कुमार सहित जिला जनगणना सेल के समस्त कार्मिक एवं चार्ज स्तर (तहसील, नगर परिषद, नगरपालिका) के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



## आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** भारत सरकार द्वारा चयनित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को उपखंड अधिकारी श्री सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा अधिकारियों, एएनएम एवं सीएचओ के साथ स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर जैसे संभावित मरीजों की पहचान हेतु आयोजित किए जा रहे स्क्रीनिंग कैंपों की समीक्षा की गई। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही ग्रामीण स्तर की समस्याओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा ने विभागीय योजनाओं की अब तक की प्रगति से अवगत कराते हुए जमीनी स्तर पर सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी उपखंड अधिकारी को दी।

इस अवसर पर बैठक में डा. मंजूषा बंसल, डा. संदीप मीणा, डा. हरेंद्र सिंह, डा. मधु, संदीप बैरवा, लेखाकार जितेन्द्र सिंह, अनीशा खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय डोंगरपुर में सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस पर बौद्धिक सत्र का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजाखेड़ा।** राजकीय महाविद्यालय डोगरपुर राजाखेड़ा में सात दिवसीय शिवर के तृतीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना अधिकारी, राजाखेडा श्री गम्भीर सिंह कसाना एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता डॉ0 युसुफ चिड़्?डा सम्मिलित हुये। एनएसएस प्रभारी मानसिंह मीणा ने इस दिवस पर बौद्धिक सत्र की मुख्य थीम साइबर सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य की रूप रेखा प्रस्तुत की मुख्य अतिथि गम्भीर सिंह ने साइबर सुरक्षा से जुडे हुए अनेक पहलुओ पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होने बढती साइबर फॉड की घटनाओं तथा उनमें प्रयुक्त होने वाली तकनीक, डाटा एवं एल्गोरिदम की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है जिसमें साइबर सुरक्षा के प्रति उपयोग कर्ताओं को बहुत सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारे डिजिटल फुट प्रिन्ट एवं निजता हमारे मानसिक स्वास्थ्य से जुडे हुए है अतः साइबर बुलिंग, साइबर ग्रुमिंग, डिजिटल अरेस्ट एवं डीप फेक से सावधान रहना बहुत जरूरी है। उन्होने साइबर सुरक्षा की हेल्प लाइन एवं राज्य और केन्द सरकार के विभिन्न एप्प एवं कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि डॉ0 युसुफ चिड्डा ने किशोरावस्था में होने वाले मानसिक बदलावों के बारे में गहन जानकारी दी। उन्होने अपने व्याख्यान में उभरते हुऐ मानसिक बिकारों जैसे ओसीडी, एनसीडी, मानसिक तनाव, अवसाद के बहलुओ पर प्रकाश डाला। विधार्थियों को चित एकाग्रता को बढ़ाने एवं विकार उत्पन्न करने वाले कारकों की व्याख्या की साथ ही विधार्थी जीवन में नशे से मुक्त रहने की प्रेरणा दी।प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने अपने संबोधन में एनएसएस की गतिविधियों द्वारा विधार्थियों में विकसित होने वाले गुणों के बारे में बताते हुए कहा कि एनएसएस संभागी पारस्परिक सहयोग, समर्पण, स?द्भावना से प्रेरित होकर समाज को डिजिअल तौर पर भी सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य होशांग पंचाल ने किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य पीयूष जांगिड़, नवीन धाकरे, बादाम सिंह उपस्थित रहे।



# जयपुर में आयोजित पैगामें मौहब्बत कार्यक्रम में धौलपुर की टीम हुई शामिल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विगत दिवस जयपुर में पैगामें मौहब्बत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमें धौलपुर से शबनम खान के नेतृत्व में मोहब्बत प्रोग्राम में सम्मिलित जिले से अल्पसंख्यक प्रभारी सीकर नीमकाथाना सुलेमान फारूक, मुन्ना अब्बासी वरिष्ठ कांग्रेस, नासिर खान जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी निकाय प्रकोष्ठ, शबाना खान, पिंकी कुशवाहा, सोनी खान, तारिक गौरी, शादाब खान, पप्पू मेंबर, मुस्लिम खान, सलीम खान, साबिर खान, साजिद खान, इमरान खान,जाकिर खान, हनीफ कुरेशी, इमरान, नदीम सैफी, इसाक चौधरी, राशिद खान, भूरा खान, जुगनू खान, गुड्डू खान, वकील कुरेशी आदि रवाना हुये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।